रायपुर बिलासपुर एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित

# दैनिक अग्रदूत

बिलासपुर मंगलवार 24 फरवरी 2026 वर्षः 35 अंकः237

डाक संस्करण बुधवार 25 फरवरी 2026 पृष्ठ : 08, मूल्य रू. 1.00

**आज का विचार**

आदमी दुनिया में पहले आता है जीना बहुत बाद में शुरु होता है।

- निर्मल वर्मा

अग्रदूत का स्वर सत्ता के आलोचनात्मक एवं ब्रिटिश सरकार के विरोध में था। उसके सम्पादक को सन् 1943 में आपत्तिजनक लेख प्रकाशित करने के कारण गर्वनर प्रॉविन्शियल प्रेस एडवाइजरी कमेटी द्वारा दो बार चेतावनी दी गई। सितम्बर 1943 में प्रांतीय शासन ने सम्पादक पर तीन माह के लिए प्री-सिक्यूरिटी आदेश शामिल किया था। वर्ष के उत्तरार्ध में सम्पादक की गिरफ्तारी के बाद समाचार पत्र का प्रकाशन अस्थायी रुप से स्थगित कर दिया गया था। पुनः प्रकाशन सन 1944 में आरंभ हुआ। रायपुर गजेटियर से



पेज 04 होलाष्टक 8 दिन भूलकर भी....




# चौधरी ने पेश किया संकल्प का बजट



## 1 लाख 72 हजार करोड़ का बजट, बस्तर से लेकर सरगुजा तक लगाई सौगातों की झड़ी, 1,500 नए बस्तर फाइटर्स पदों का सृजन किया जाएगा

## औद्योगिक विकास को सौगात

## नए पार्क और सब्सिडी के साथ निवेश को मिलेगा बढ़ावा 5 मेडिकल कॉलेजों की सौगात, रायपुर में पहला होमियोपैथी कालेज

## मोदी की गारंटी से रिफॉर्म साय साय तय कर रही सरकार

## सभी जिलों में नशा मुक्ति के लिए केन्द्र स्थापित होंगे

**रायपुर ( अग्रदूत ) ।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने वर्तमान भाजपा सरकार का तीसरा बजट प्रस्तुत किया। पहला बजट ज्ञान दूसरा गति और आज तीसरा बजट संकल्प पर आधारित रहा। मोदी की गारंटी मैं शामिल रानी दर्गावती योजना प्रारंभ करने की घोषणा की गई जिसके अंतर्गत बीपीएल वर्गकी बालिकाओं के जन्म पर डेढ़ लाख रुपए का आश्वासन प्रमाण पत्र मिलेगा जो 18 वर्ष उम्र होने पर मिलेगा। लखपति दीदियों, छात्र छात्राओं और पत्रकारों के भ्रमण के लिए राशि का प्रावधान किया गया है। शारदा चौक से तात्यापारा तक फ्लाईओवर बनाने 10 करोड़ अंडरग्राउंड बिजली तार के लिए 100 करोड़ का प्रावधान किया गया है। राज्य की सभी सड़कों को टू लेन किया जाएगा। पांच मुख्यमंत्री मिशन की घोषणा की गई है जिम ए आई मिशन, पर्यटन विकास खेल उत्कर्ष अधो संरचना स्टार्टअप निपुण मिशन शामिल है। इको टूरिज्म

ओपी चौधरी ने 172000 करोड रुपए का बजट प्रस्तुत किया। जो गत वर्ष 165000 करोड रुपए से 4.2त्नअधिक है। इसमें राज्यांश 77000 करोड़ और केंद्रन 66000 करोड रुपए होगा। आए 143000 करोड रुपए बताया गया है जिसमें 2000 करोड़ रुपए का घाटा अनुमानित है। महिलाओं को अचल संपत्ति खरीदी पर रजिस्ट्री में 50त्न की छूट दी जाएगी। जनसंपर्क विभाग का बजट 475 करोड रुपए ग्रामीण सड़क के लिए 1700 करोड रुपए, कृषक उन्नत योजना के लिए 10000 करोड रुपए कृषि पंपों के लिए 5500 करोड़ रुपए खाद्यतेल पाम आयल प्रोत्साहन के लिए डेढ़ सौ करोड रुपए का प्रावधान किए जाने के साथ मैनपुर बगीचा में आलू प्रदर्शन विकास योजना शुरू करनेकी घोषणा कीगई। कृषि मजदूरों केलिए 600 करोड रुपए, उद्योगों के लिए 1750 करोड रुपए, सूर्य घर योजना केलिए 400 करोड रुपए सिचाई के लिए 32000 करोड रुपए का प्रावधान किये जाने के साथ बस्तर सरगुजा क्षेत्र के विकास अनुसूचितजाति और ओबीसी वर्ग के लिए कई योजनाओं की घोषणा की गई है। मुख्यमंत्री बस योजना के के तहत 70 वर्ष संचालन की घोषणा क गई। सभी 33 जिलों में नशामुक्ति केंद्र स्थापित करने के लिए 20 करोड रुपए का प्रावधान किया गया है।जी राम जी योजना क्रियान्वयन में राज्यांश 40त्न दिया जाना है इसके लिए 4000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लिए भी 4000 करोड रुपए रखा गया है।

ओपी चौधरी ने बजट के दौरान कहा कि डेयरी समग्र विकास योजना के अंतर्गत 90 करोड़ का प्रावधान किया गया है। समावेशी, सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी और सर्वहितकारी विकास की दिशा में सुशासन सरकार का सशक्त कदम है। हर वर्ग के लिए नए अवसरों का सृजन सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न योजनाओं और बजट प्रावधानों के माध्यम से हर स्तर पर विकास कार्य किया गया है।

### वित्त मंत्री ने बजट भाषण की शुरुआत कविता से की

ना चंदन से ना कुमकुम से श्रृंगार करा कर आया हूं,
ना रोली से ना बंदन से मस्तक सजा कर आया हूं,
स्वयं ईश्वर भी जो कामना करें वो सौभाग्य जगा कर आया हूं,मैं अपने छत्तीसगढ़ की माटी का तिलक लगा कर आया हूं..

### छत्तीसगढ़ बजट संकल्प थीम का मतलब

साय सरकार का तीसरा बजट ज्ञान और गति के बाद संकल्प के थीम पर आधारित है। जिसका अर्थ समावेशी विकास, अधोसंरचना, निवेश, कुशल मानव संसाधन, अंत्योदय, लाइवलीहुड, पॉलिसी से परिणाम तक है।

छत्तीसगढ़ के भविष्य का निर्माण सशक्त माताएं और स्वस्थ, शिक्षित बच्चे करेंगे। महतारी वंदन योजना के लिए 8,200 करोड़ का प्रावधान किया गया है। सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण के लिए 2,320 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बजट के दौरान कहा कि डेयरी समग्र विकास योजना के अंतर्गत 90 करोड़ का प्रावधान किया गया है। समावेशी, सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी और सर्वहितकारी विकास की दिशा में सुशासन सरकार का सशक्त कदम है। हर वर्ग के लिए नए अवसरों का सृजन सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न योजनाओं और बजट प्रावधानों के माध्यम से हर स्तर पर विकास कार्य किया गया है।वित्त मंत्री ने रानी दुर्गावती योजना का भी एलान किया। इस योजना के तहत बच्चियों के 18 साल पूरे होने पर डेढ़ लाख रुपये की राशि दी जाएगी। छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बजट पेश करते हुए कहा कि अबूझमाड़ और जगरगुंडा में एजुकेशन सिटी निर्माण के लिए 100 करोड़ का प्रावधान किया गया है। प्रदेश के औद्योगिक विकास को रफ्तार देने के लिए बड़ा ऐलान किया है। औद्योगिक विकास के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। छत्तीसगढ़ में आत्मनिर्भरता व समृद्धि का नया दौर शुरू होगा। बस्तर और सरगुजा क्षेत्रों के लिए कई महत्वपूर्ण प्रावधानों की घोषणा की है। इन प्रावधानों का उद्देश्य इन क्षेत्रों में आजीविका के अवसर बढ़ाना और बुनियादी ढांचे का विकास करना है। इस बजट में विभिन्न विकास कार्यों के लिए बड़ी राशि आवंटित की गई है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी और रोजगार सृजित होंगे।

वित्त मंत्री ने बताया कि बस्तर और सरगुजा में आजीविका के लिए 100 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। यह निवेश अलाइड, कृषि और एग्रो फॉरेस्ट प्रोसेसिंग जैसे रोजगार आधारित सेक्टरों पर केंद्रित होगा। इसमें राइस मिल और पोल्ट्री फार्म जैसे उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। इन उद्योगों के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। बस्तर और सरगुजा के बीच बस सेवा को बेहतर बनाने के लिए 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यह राशि इन क्षेत्रों में सार्वजनिक परिवहन सुविधा को सुगम बनाने में मदद करेगी। इसके अतिरिक्त, निवेशकों को अनुदान देने के लिए भी 100 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। यह पहल इन क्षेत्रों में नए निवेश को आकर्षित करने और औद्योगिक विकास को प्रोत्साहन देने के लिए है, जिससे समग्र आर्थिक वृद्धि होगी।

बस्तर और सरगुजा क्षेत्रों में डॉक्टरों की भर्ती की जाएगी। इस कदम से इन दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा और लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी।

### बजट की मुख्य बातें...

- बस्तर में नक्सलियों के गढ़ अबूझमाड़ और जगरगुंडा में दो एजुकेशन सिटी को मंजूरी दोनों एजुकेशन सिटी के लिए 100 करोड़ का प्रावधान
- बस्तर में पर्यटन को बढ़ावा देने होम स्टे के लिए 10 करोड़ का प्रावधान
- सरगुजा अंचल में मैनपाट में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 5 करोड़ का प्रावधान
- बस्तर और सरगुजा में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने चिकित्सकों की भर्ती
- बस्तर में इंद्रावती में बैराज निर्माण के लिए 2400 करोड़ का प्रावधान
- बस्तर, सरगुजा और दंतेवाड़ा में मेडिकल कॉलेज संचालन के लिए 50 करोड़ राशि का प्रावधान
- बस्तर और सरगुजा विकास विकास प्राधिकरण के लिए 75 करोड़ का प्रावधान
- रायपुर में बनेगा होम्योपैथी कॉलेज
- आयुष्मान योजना के लिए 1500 करोड़ रुपए
- मुख्यमंत्री द्रुतगामी सड़क संपर्क योजना के लिए 200 करोड़ का प्रावधान
- छत्तीसगढ़ में 75 करोड़ की राशि से 250 महतारी सदन बनेंगे.
- जशपुर, मैनपॉट और कोतेबेरा में पर्यटन स्थलों का निर्माण किया जाएगा.
- राजधानी रायपुर में खाद लैब का निर्माण राज्य सरकार की तरफ से होगा.
- कांकेर, कोरबा, महासमुंद में खोले जाएंगे नर्सिंग कॉलेज
- मितानिन कल्याण निधि के लिए 350 करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान
- 10 करोड़ रुपए से मेकाहारा में एआई का उपयोग किया जाएगा.
- 206 गांव को शहरों से जोड़ने के लिए 250 करोड़ का प्रावधान
- रायपुर में अंडरग्राउंड बिजली लाइन के लिए 100 करोड़ का प्रावधान
- रायपुर में खाद लैब का होगा निर्माण
- जल संसाधन विभाग के लिए 3500 करोड़ का प्रावधान
- रायपुर में मेट्रो रेल चलाने के लिए सर्वे एजेंसी तय
- एयरपोर्ट विकास के लिए सीजी वायु योजना के तहत 30 करोड़ का प्रावधान
- नगर पालिका और नगर पंचायत उत्थान के लिए मुख्यमंत्री
- योजना के लिए 200 करोड़ का प्रावधान
- प्रधानमंत्री आवास के लिए 800 करोड़ का प्रावधान
- 4 लाइब्रेरी के लिए 22 करोड़ का अतिरिक्त प्रावधान किया गया है
- सूर्य घर योजना के लिए केंद्रीय अनुदान के अतिरिक्त 400 करोड़ रुपए का प्रावधान
- 5 नालंदा परिसरों के निर्माण के लिए 22 करोड़ रुपए का प्रावधान
- 500 आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण के लिए 42 करोड़ रुपए का प्रावधान
- एडवांस कार्डियाक इंस्टीट्यूट के लिए 10 करोड़ का प्रावधान
- मेडिकल कॉलेज इंटर्न हॉस्टल के लिए 35 करोड़ रुपए
- एनएचएम के लिए 2000 करोड़ रुपए का प्रावधान
- पीडब्ल्यूडी के लिए 9450 करोड़ का प्रावधान
- कालेजों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना
- 25 कालेज भवनों के निर्माण के लिए 25 करोड़ रुपए
- विश्वविद्यालयों के लिए 731 करोड़ रुपए का प्रावधान
- उद्योग विभाग के लिए 1750 करोड़ रुपए का प्रावधान
- 5 शासकीय महाविद्यालय को सेंट्रल ऑफ़ एक्सीलेंस बनाने के लिए 15 करोड़ रुपए का प्रावधान
- मेगा परीक्षा केन्द्रों की स्थापना के लिए 25 करोड़ का प्रावधान किया गया है
- छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी के विस्तार के लिए बजट में प्रावधान



### गोठ झंगलू-मंगलू के



**झंगलू** भइया मंगलू , छत्तीसगढ़ी फिलिम विकास निगम के बइठक होय हे । लगथे , छालीवुड के अच्छा दिन आने वाला हे ... बढ़िया - बढ़िया पालिसी बनने वाला हे

**मंगलू** छत्तीसगढ़ी फिलिम विकास निगम तो बने ही नइ हे झंगलू , बइठक कहां से हो जहि ? जेखर बइठक होइस ओखर नाम 卐 छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम हे ... विकास काखर होवत हे ? सब जानत हें , छालीवुड के हिस्सा में तो केवल गम हे

# प्रदेशवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला बजट-सीएम साय



रायपुर ( अग्रदूत ) । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज विधानसभा परिसर स्थित उनके कक्ष में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत करने से पूर्व मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने वित्त मंत्री को आगामी बजट के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह बजट प्रदेशवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला और छत्तीसगढ़ के समग्र विकास को नई दिशा देने वाला सिद्ध होगा।सीएम साय ने विश्वास व्यक्त किया कि सरकार की जनकल्याणकारी प्राथमिकताओं, सुशासन और समावेशी विकास के संकल्प को यह बजट और अधिक सशक्त आधार प्रदान करेगा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, उप मुख्यमंत्री अरुण साव सहित मंत्रि परिषद के सभी मंत्री एवं वित्त सचिव मुकेश बंसल उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ की मिट्टी से तिलक लगाकर पेश किया बजट



छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बजट पेश करने विधानसभा जाने के पहले छत्तीसगढ़ की मिट्टी से तिलक लगाया और छत्तीसगढ़ महतारी का आशीर्वाद लेकर विधानसभा पहुंचे। देश में ये पहला वाक्या था, जब किसी वित्त मंत्री ने अपने प्रदेश की मिट्टी का तिलक लगाकर बजट पेश किया हो। इससे पहले वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अपने बंगले में स्थित मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान उनकी पत्नी अदिति चौधरी भी मौजूद रहीं। खास बात यह है कि वित्त मंत्री अपनी पत्नी का पसंदीदा जैकेट पहनकर बजट पेश कर रहे हैं।

# आर्थिक सर्वेक्षण राज्य की मजबूत और संतुलित अर्थव्यवस्था का प्रमाण-साय



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 हमारे राज्य की मजबूत और संतुलित अर्थव्यवस्था का प्रमाण है।

श्री साय का कहना है कि वर्ष 2025-26 में प्रदेश का त्रस्ष्ठक्क प्रचलित भावों पर बढ़कर ?6,31,291 करोड़ अनुमानित है, जिसकी वृद्धि दर 11.57त्न है - जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है।*

कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र में 12.53त्न, उद्योग में 10.26त्न और सेवा क्षेत्र में 13.15त्न वृद्धि का अनुमान यह दर्शाता है कि छत्तीसगढ़ आज किसानों की समृद्धि और औद्योगिक मजबूती के साथ तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। समृद्ध किसान, मजबूत उद्योग और विस्तृत सेवा क्षेत्र - यही विकसित छत्तीसगढ़ की मजबूत नींव है। हमारे लिए गर्व का विषय है कि आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के अनुसार कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र में 12.53त्न वृद्धि अनुमानित है। कृषि क्षेत्र में मजबूत विकास दर दर्ज हुई है, जो किसानों की मेहनत और हमारी किसान-हितैषी नीतियों का परिणाम है। समृद्ध किसान ही विकसित छत्तीसगढ़ की नींव है। छत्तीसगढ़ आज देश की औद्योगिक ताकत के रूप में तेजी से उभर रहा है। आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के अनुसार उद्योग क्षेत्र में 10.26त्न वृद्धि अनुमानित है और राज्य की अर्थव्यवस्था में उद्योग का योगदान लगभग 49त्न है — जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है।

**प्रदेश का विकास तभी सार्थक है जब हर परिवार समृद्ध हो**

विष्णुदेव साय ने कहा है कि निवेश, रोजगार और अधोसंरचना विकास के नए अवसर लगातार बढ़ रहे हैं। सेवा क्षेत्र छत्तीसगढ़ की नई अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार बन रहा है। आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के अनुसार सेवा क्षेत्र में 13.15त्न वृद्धि अनुमानित है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन और डिजिटल सेवाओं में विस्तार से नए अवसर पैदा हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 दर्शाता है कि प्रदेशवासियों की आय लगातार बढ़ रही है। वर्ष 2025-26 में प्रति व्यक्ति आय बढ़कर लगभग ?1.79 लाख अनुमानित है, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 10.07 प्रतिशत वृद्धि दर्शाता है। यह हमारी विकासोन्मुख नीतियों और बढ़ती आर्थिक गतिविधियों का परिणाम है। हमारा लक्ष्य है - प्रदेश के हर परिवार की आय बढ़े, जीवन स्तर बेहतर हो और समृद्धि हर घर तक पहुंचे। हमारा संकल्प है कि छत्तीसगढ़ के हर परिवार को आर्थिक रूप से सशक्त और समृद्ध बनाना। हमारी सोच है कि प्रदेश का विकास तभी सार्थक है, जब हर परिवार समृद्ध हो। हमारा उद्देश्य स्पष्ट है - विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और हर परिवार खुशहाल बने। हमारा लक्ष्य है कि बढ़ती आय, बेहतर अवसर और समृद्ध जीवन के साथ हर परिवार सशक्त छत्तीसगढ़ का हिस्सा बने।*

# आर्थिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट में झूठ परोसा गया, जमीनी हकीकत कागजी दावों से उलट



**रायपुर ।** कांग्रेस का कहना है कि आर्थिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट में सरकार ने चतुराई से अपनी नाकामी और असल आंकड़ों को छुपाया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि ज़मीन हकीकत सरकार के कागजी दावों से बिल्कुल अलग है, पिछले बजट में छात्रवृत्ति के लिए आबंटित राशि का एक नया पैसा भी छात्रों को नहीं मिला। मुख्यमंत्री के गृह जिले कुनकुरी में मेडिकल कॉलेज की घोषणा हुई थी, अब तक एक पत्थर भी नहीं रखा गया। स्कूलों में 60 हजार से अधिक शिक्षकों के पद रिक्त हैं, लेकिन यह सरकार हर बार केवल घोषणा करती है, नई भर्तियां जानबूझकर रोक रखी है। 10463 स्कूल बंद कर दिये, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूल सरकार की उपेक्षा से बदहाल है, सुपबेड़ा में एक बार फिर लोग आर्सेनिक और फ्लोराइड युक्त पानी पीने मजबूर हैं। अस्पतालों में जांच, इलाज और दवा के अभाव में मरीज बेमौत मरने मजबूर हैं। आयुष्मान योजना से इलाज का भुगतान नहीं होने से निजी अस्पतालों में मरीजों को लाभ नहीं मिल रहा है।

श्री बैज ने कहा है कि किसी भी सरकार के लिए बजट प्रावधान विजन डॉक्यूमेंट होता है, आने वाले वर्ष के लिए सरकार की प्राथमिकताओं और कार्ययोजना का ब्लूप्रिंट होता है, लेकिन भाजपा सरकार की दुर्भावना ने बजट के महत्व को कम कर दिया है, जुमलेबाज सरकार में बजट केवल कागजी आंकड़ा बन कर रह गया है। पिछले दो बजट में जो घोषणाएं इस सरकार ने की, हकीकत उससे कोसों दूर है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, सिंचाई और कृषि जैसे महत्वपूर्ण आठ विभागों में बजट प्रावधान का दस हजार करोड़ से अधिक की राशि खर्च ही नहीं किया गया।

श्री बैज ने कहा है कि सरकार की गलत नीतियों की वजह से आर्थिक असमानता तेजी से बढ़ रहा है। राज्य की प्रति व्यक्ति आय की गणना के लिए कुल निवल राज्य घरेलू उत्पाद या कुल आय को राज्य की कुल जनसंख्या से भाग दिया जाता है। सत्ता के संरक्षण में कुछ कमीशनखोर और भ्रष्टाचारियों की इनकम तो जरूर बढ़ी है, लेकिन आम जनता और गरीब हो रही है। किसान आत्महत्या करने मजबूर हैं, युवा रोजगार मांग रहे हैं, कर्मचारी आंदोलन पर है और महिलाएं महंगाई से पीड़ित है। घरेलू बचत ऐतिहासिक तौर पर न्यूनतम स्तर पर आ गया है लेकिन चुनिंदा लोगों की आय में बेतहाशा वृद्धि होने के कारण औसत तो बढ़ा है पर उसमें आम आदमी की हिस्सेदारी घटी है। जीडीपी की गणना के मूल्यांकन के लिए उत्पादन के स्थान पर एमआरपी और करों को भी शामिल करके बढ़ा कर किया गया है। वास्तविक जीडीपी, सरकारी दावे से लगभग 3 प्रतिशत कम है। असलियत यह है कि यह सरकार वित्तीय प्रबंधन में पूरी तरह नाकाम हो चुकी है, राज्य पर कुल कर्ज का भार लगातार बढ़ रहा है, राहत, रियायत और सब्सिडी केवल सरकार के चहेतो तक सीमित है।

# महंत की अध्यक्षता में कांग्रेस विधायक दल की बैठक




रायपुर। त्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डा. चरणदास महंत की अध्यक्षता में राजीव भवन में कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई।

बैठक में अनेक मुद्दों पर चर्चा हुई जिसमें शामिल है प्रदेश के अन्नदाता किसानों के साथ वादा खिलाफी की जा रही है। प्रदेश में प्रशासनिक आतंकवाद बढ़ा है। कानून व्यवस्था की बदहाल स्थिति में जा पहुंची है। एस.आई.आर. के तहत मतदाता सूची से नामो की कटौती हो रही है। धान खरीदी केन्द्रों में बोरा भराई एवं तीलाई के नाम पर किसानों से अवैध वसूली। . प्रदेश में सड़कों के निर्माण प्रकिया में भ्रष्टाचार हो रहा है। प्रदेश में खतरनाक अपशिष्ट उत्सर्जन करने वाले उद्योगो द्वारा एन.जी.टी. की गाईड लाईन का उल्लंघन किया जा रहा है। . बिजली बिल की दरों में वृद्धि निंदनीय है। सरकार द्वारा अधिसूचित क्षेत्रों में पेशा कानून का उल्लंघन किया जा रहा है।

कांग्रेस विधायक दल की बैठक में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधायक गण कवासी लखमा, उपनेता लखेश्वर बघेल, सचेतक दलेश्वर साहू, उपसचेतक दिलीप लहरिया, उमेश पटेल, अनिला भेड़िया, भोलाराम साहू, लालजीत सिंह राठिया, देवेन्द् यादव, इंद्रशाह मंडावी, सावित्री मंडावी, विक्रम मंडावी, यशोदा निलाम्बर वर्मा, कुंवर सिंह निशाद, संगीता सिन्हा, अंबिका मरकाम, द्वारिकाधीश यादव, रामकुमार यादव, उत्तरी गणपत जांगड़े, शेषराज हरबंश, अटल श्रीवास्तव, बालेष्वर साहू, ब्यास कष्यप, राघवेन्द्र सिंह, चतुरी नंद, फूलसिंह राठिया, कविता प्राणलहरे, संदीप साहू, जनक ध्रुव, ओंकार साहू, इंद्र साव, पीसीसी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू, विधायक दल सचिव अमित पांडे, प्रदेश कांग्रेस वरिष्ठ प्रवक्ता घनश्याम राजू तिवारी उपस्थित थे।

# प्रोजेक्ट दधीचि से जुड़कर पशु चिकित्सक ने लिया अंगदान का संकल्प, कलेक्टर ने किया सम्मानित



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा संचालित प्रोजेक्ट दक्षिचि के तहत मानवता और जनसेवा की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल करते हुए बैरन बाजार स्थित जिला वेटनरी हॉस्पिटल में पदस्थ पशु चिकित्सक डॉ. देव प्रभा ने अंगदान का संकल्प लेकर समाज के समक्ष अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। जिले में संचालित प्रोजेक्ट दधीचि के अंतर्गत उन्होंने अंग दान के लिए पंजीयन कर जनजागरूकता का संदेश दिया।

इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने सम्मान पत्र प्रदान कर उनके इस पुनीत कार्य की सराहना की तथा कहा कि अंगदान मानवता की सर्वोच्च सेवा है, जिससे कई लोगों को नया जीवन मिल सकता है। डॉ. देव प्रभा ने अपने संकल्प के बारे में कहा कि मेरे जाने के बाद यदि मेरे अंगों से किसी को स्वस्थ जीवन मिल सके, तो इससे बड़ी खुशी कोई नहीं हो सकती। उन्होंने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री श्री साय एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

जिला प्रशासन द्वारा संचालित प्रोजेक्ट दधीचि के तहत अब तक 86 से अधिक लोगों ने अंग एवं संपूर्ण शरीर दान का संकल्प लिया है, जिससे समाज में अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ रही है।

जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे भी इस पुनीत कार्य से जुड़कर अंगदान का संकल्प लें। अधिक जानकारी एवं पंजीयन हेतु 9406049000 संपर्क नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुमार बिश्वरंजन तथा लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री प्रभात सक्सेना सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# भ्रष्ट अधिकारियों के साथ सत्ताधारी भाजपा नेताओं की भी मिलीभगत-विकास



## विद्युत विभाग को मिले फण्ड में बड़ा भ्रष्टाचार

**रायपुर।** 23.02.2026। पूर्व संसदीय सचिव एवं छाया सांसद विकास उपाध्याय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में फिर मुख्यमंत्री के ऊर्जा विभाग के भ्रष्टाचार का पर्दाफाश हुआ है।

श्री उपाध्याय ने बताया कि छत्तीसगढ़ में बड़े पैमाने पर विद्युत टेंडर घोटाला सामने आ रहा है, कई घोटाले की जाँच में आरोप सिद्ध भी पाये गये हैं फिर भी संबंधित अधिकारी अभी तक अपनी कुर्सी पर बैठे हुये हैं। उपाध्याय ने बताया कि ऊर्जा विभाग के 112 से ज्यादा टेंडरों में गड़बड़ी पाई गई है, जिसमें पूरी तरीके से जाँच भी नहीं हो रही है और कुछ गड़बड़ टेंडरों के जाँच में आरोप सिद्ध भी हो गये हैं तो किसी पर भी कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के नगर वृत्त वन कार्यालय में कुल 112 टेंडर में गड़बड़ी बताई गई है, जिसमें विद्युत विभाग को करोड़ों से ज्यादा का नुकसान होना पाया गया है, लेकिन अफसरों ने सिर्फ 12 टेंडर की जाँच की है, यानी यदि सभी टेंडरों की जाँच की जायेगी तो और भी ज्यादा नुकसान बिजली विभाग में पाया जायेगा। अब ऐसे में सरकार बिल्कुल मौन रूप धारण करे बैठी है और किसी भी दोषी अधिकारी पर अब तक कोई प्रकार की कार्यवाही नहीं की है। टेंडर चहेते ठेकेदारों से लगवाए जा रहे हैं और उदाहरण के तौर पर मात्र ट्रांसफार्मर 10 लाख का काम 12 लाख में करवाया गया तो सोचिये फिर पूरे विद्युतीय उपकरणों की हेरा-फेरी में कितने करोड़ों-अरबों का नुकसान हुआ होगा, खैर ये तो जाँच के पश्चात् ही पता चल पायेगा। लेकिन विद्युत विभाग को मिले फण्ड में जो बड़े भ्रष्टाचार का खेल छत्तीसगढ़ में चल रहा है, उसमें भ्रष्ट अधिकारियों के साथ सत्ताधारी भाजपा नेता भी शामिल हैं, तभी तो किसी भी भ्रष्ट अधिकारी के ऊपर कोई कार्यवाही नहीं हो रही।

विकास ने बताया कि भ्रष्टाचार मामले की जानकारी के अनुसार चार ठेकेदार व अफसर बैठ कर ये तय करते थे कि कौन से टेंडर में किसको कितनी बिड भरना है। इसी के आधार पर मनमाने तरीके से सबको अलग-अलग महीने का टेंडर दिया जाता था और ये सभी प्रक्रियाओं को पूरे तरीके से सिंडिकेट बनाकर काम करवाये जा रहा थे।

उपाध्याय ने कुछ दिन पहले और ऊर्जा विभाग में मिले गड़बड़ी की जानकारी जनता के सामने रखी थी जिसमें निविदा क्रमांक-1 उच्चदाब लाइन, ट्रांसफार्मर व निम्न दाब लाइन विस्तार के लिए परसुराम चौक, विप्र नगर, वार्ड 69 रायपुरा में निविदा क्र. टीआर नंबर 2025-20, जारी दिनांक 4 मई 2025 की जांच में पाया गया कि ऑनलाइन प्रक्रिया में प्राप्त तीन बिड में से एक ठेकेदार की तकनीकी बिड बिना पर्याप्त कारण निरस्त कर दी गई। इससे प्रतिस्पर्धा कम हो गई। बाद में मेसर्स रूद्रा इंटरप्राइजेस कबीर नगर को 3.5 प्रतिशत अधिक लाभ दर पर कार्यादेश जारी किया गया, इसे ठेकेदार को अवांछित लाभ पहुंचाना माना गया है। निविदा क्र. 2 में मुस्कान प्रोविजन स्टोर के सामने, नयापारा में 315 केवीए डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर का स्थानांतरण करने के लिए निविदा क्र. टीआर 2025-17, दिनांक 4 मई 2025 को जारी की गई। इसमें चार बिड प्राप्त हुई, जिसमें भी जांच पश्चात् इसे नियम विरूद्ध और कंपनी के हितों के विपरीत बताया गया। निविदा क्र.3 में मेसर्स समर्थ फूड एंड बेवरेज, रावणभाटा जोन रायपुर में निम्न दाब विद्युत कनेक्शन की भार वृद्धि (25 एचपी से 110 एचपी) के लिए निविदा क्र. टीआर 2025-18 दिनांक 4 मई 2025 को जारी की गई, यहाँ भी जांच रिपोर्ट में इसे अधिकारों का दुरूपयोग माना गया है और निविदा क्र.4 में अवंति विहार, कविता नगर, निरंकारी फर्निचर, अशोका विहार में 11 केवी फीडरों का इंटरकनेक्शन के लिए निविदा क्र. टीआर 2025-19, दिनांक 4 मई 2025 को जारी की गई, इसके जांच में भी इसे वित्तीय अनुशासन के विपरीत माना गया है। आरडीएस योजना में 35 करोड़ का भ्रष्टाचार उजागर हुआ है जिसकी शिकायत स्वयं भाजपा विधायक ने मुख्यमंत्री से की है। भाजपा विधायक द्वारा आरोप लगाया गया है कि फर्जी बिलिंग कर घटिया सामग्री सप्लाई कर 35 करोड़ की अधिक की गड़बड़ी की गई थी और इन सब में प्रक्रियाओं का उल्लंघन भी किया गया था।

विकास ने कहा कि चहेते ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के लिए निविदा शर्तों में बदलाव किये जा रहे हैं। बगैर टेंडर निकाले चहेते ठेकेदारों को ही काम दे दिये जा रहे हैं, इन सब में बड़ा कमिशन का खेल हो रहा है। शिकायत के आधार पर 15 निविदाओं की जांच में पाया गया कि तत्कालीन अधीक्षण यंत्री द्वारा अपने पद का दुरूपयोग करते हुए नोटशीट में बिड की संख्या की गलत जानकारी देते हुए स्वीकृत राशि से अधिक दर पर चहेते ठेकेदारों को वर्कऑर्डर जारी कर दिया गया। ई बिडिंग पोर्टल बिड में निविदा शुल्क जमा नहीं किए जाने का उल्लेख करते हुए टेक्निकल बिड को निरस्त किया गया, जबकि इससे संबंधित कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं है। इसके अलावा सुरक्षा निधि एवं ईएमडी राशि की वापसी की कार्यवाही ठेकेदारों द्वारा आवेदन जमा करने के पश्चात् भी नहीं की गई। बगैर तर्कसंगत कारणों के अनावश्यक रूप से लंबित रखकर कंपनी की छवि धूमिल की। डीओपी में प्रदत्त सामग्री क्रय की, जिसके जाँच में सीमा से अधिक राशि का क्रय किया जाना पाया गया था।

## स्मृति पुस्तकालय योजना को मिल रहा जनसमर्थन

रायपुर । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार जिले में संचालित स्मृति पुस्तकालय योजना के तहत ज्ञान दान की दिशा में जनसहभागिता लगातार बढ़ रही है।

इसी क्रम में कायरा पब्लिकेशन बिलासपुर के संचालक श्री राजेंद्र पटेल ने प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित 135 उपयोगी पुस्तकें जिला प्रशासन को दान कर प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने उनके इस सराहनीय योगदान की प्रशंसा करते हुए प्रमाण पत्र एवं प्रेरक पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रयास से जरूरतमंद एवं प्रतिभावान अभ्यर्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा। उल्लेखनीय है कि इस योजना के अंतर्गत अब तक 7500 से अधिक पुस्तकें दान की जा चुकी हैं। इन पुस्तकों का लाभ जिले के अनेक विद्यार्थियों को मिल रहा है।


पोहा मिल मालिकों के लिए

भारत में सबसे अधिक बिकने वाली पोहा/रोस्टर मशीन

मजदूरी की बचत, अधिक उत्पादन

आधुनिक तकनीक से निर्मित रोस्टर

मशीन द्वारा धान की सेंकाई

अन्य सुविधाएं- 0 मशीनों के साथ आवश्यक पुर्जे की उपलब्ध 0 क्रुड आयल, धान, भूसा या डस्ट में फर्नेस गर्म करने की सुविधा 0 पोहा-रोस्टर एवं पूरे प्लांट फिटिंग की विशेष सुविधा 0 आर्डर देने पर हर प्रकार की मशीनें तैयार करने की सुविधा

नोट : परबायगि एंड ड्रायर बनाए जाते हैं

निर्माता : ताज इंजीनियरिंग एण्ड कंपनी

फैक्ट्री प्लाट नं. -21, इंडस्ट्रियल एरिया, भनपुरी रायपुर 493221 (छ.ग.) भारत

हेड आफिस : फाफाडीह, शहीद स्मारक स्कूल के पास, रायपुर (छ.ग.) भारत

(91-0771) (आ.) 252 33 99 (6-लाइन) 252 40 91/92/93


# प्रदेश स्तरीय कान्यकुब्ज प्रीमियर लीग का आज से शुभारंभ



**रायपुर।** आशीर्वाद हायर सेकेंडरी इंग्लिश स्कूल, बैरन बाजार, रायपुर के माध्यम से कान्यकुब्ज सभा-शिक्षा मंडल के तत्वावधान में कान्यकुब्ज युवा मंडल द्वारा प्रदेश स्तरीय "कान्यकुब्ज प्रीमियर लीग-2026" का भव्य शुभारंभ आज से 27 फरवरी तक, सुभाष स्टेडियम, नल घर चौक, रायपुर में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर की टीम उतर रही है, जिसमें आशीर्वाद इलेवन रायपुर, द्रोणाचार्य इलेवन रायपुर, परशुराम इलेवन रायपुर, श्री भारद्वाज बस्तर, चाणक्य चैलेंजर्स, महाकाल लवन, महर्षि विश्वामित्र इलेवन बिलासपुर, महर्षि कणाद राजनांदगांव। इसका भव्य शुभारंभ मैच कल 24 फरवरी को 10:30 बजे से आशीर्वाद इलेवन वर्सेस महर्षि विश्वामित्र एवं दी महाकाल लवन वर्सेस महर्षि कणाद इलेवन राजनांदगांव के मध्य समाज के अध्यक्ष श्री सुरेश मिश्रा, सचिव श्री राज कुमार दीक्षित, सरंक्षक श्री वीरेन्द्र पाण्डेय पूर्व विधायक एवं पदाधिकारियों के करकमलों से किया जाएगा। इस परिप्रेक्ष्य में महर्षि आशीर्वाद इलेवन, द्रोणाचार्य इलेवन एवं चाणक्य चैलेंजर्स टीम की जर्सी लांच समाज के अध्यक्ष सुरेश मिश्रा एवं सचिव राजकुमार दीक्षित एवं सरंक्षक वीरेन्द्र पाण्डेय द्वारा की गई। इस प्रीमियर लीग के संयोजक संगम तिवारी, प्रभात पाण्डेय, राघवेन्द्र पाठक, लखन लाल बाजपेयी, अभिषेक मिश्रा, आशीष बाजपेयी, अजय बाजपेयी, आशुतोष द्विवेदी कान्यकुब्ज युवा मंडल है।इस अवसर पर उपाध्यक्ष नीता अवस्थी, उपाध्यक्ष संजय अवस्थी, पूर्व सचिव राजेन्द्र शुक्ला, गिरजा शंकर दीक्षित, श्रीकांत अवस्थी, आभा बाजपेयी, निशा पाण्डेय, राधा तिवारी, डॉ. उत्कर्ष त्रिवेदी, आशीष बाजपेयी, प्रभात मिश्रा, संगम तिवारी, दीपक तिवारी, विजय शुक्ला, प्रसून दीक्षित, रितेश अवस्थी, राघवेन्द्र पाठक, संजय अवस्थी (गीता नगर), विकास तिवारी, निशा अवस्थी, संगीता मिश्रा, डॉ. अनिता शुक्ला, अजय बाजपेयी, लखनलाल बाजपेयी, इन्द्र कुमार तिवारी, आशुतोष द्विवेदी, प्रभात पाण्डेय, अभिषेक मिश्रा, सोमेश दीक्षित, जितेन्द्र बाजपेयी, दुर्गेश बाजपेयी आदि उपस्थित रहें।





# गाडगे जी के जीवन से प्रेरणा ले धोबी समाज–सूरज निर्मलकर





**रायपुर।** स्वच्छता के जनक राष्ट्र संत गाडगे जी की जयंती राज्य के जिला मुख्यालय तहसील मुख्यालय समाज बाहुल्य क्षेत्र में मनाई गई।बालोद जिले के आंमदी पलारी में समाज की प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर के अध्यक्षता में अधिवेशनआयोजित हुई जिसमें समाज के अनेक दिग्गज नेता पहुंचे और कलश यात्रा निकालकर नगर भ्रमण की गई।

समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने कहा संत गाडगे के जीवन चरित्र से हमें प्रेरणा लेना चाहिए और उनके बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए उन्होंने जोर देकर के कहा संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर ने अपने लेख में स्पष्ट लिखा कि वह संविधान का निर्माण संत बाबा गाडगे से प्रेरणा लेकर के कर रहे हैं जबकि संत बाबा गाडगे उतना अधिक नहीं पड़े थे लेकिन शिक्षा की ओर ध्यान देने की नसीहत समाज के लोगों को दे दी उन्होंने समाज के मुखिया लोगों से आव्हान किया अलग–अलग आयोजन करने के बजाय राजधानी में शानदार आयोजन करें और वह आयोजन दो दिवसीय रहे भले आयोजन अगले वर्ष हो लेकिन समाज की ताकत दिखेगी आज हमारी संख्या 15 लाख से ऊपर हो गई है फिर भी हम हजार लोग से ऊपर नहीं देख पाते इसका यही कारण है कि हम लोगों में एकता की कमी है मगर सब ठीक हो जाएगा उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा समाज के आड़ में राजनीति करने वालों से सावधान रहें कुछ लोग यह कहते हैं कि समाज में एकता करना है लेकिन खुद समाज के नेता बनने की कोशिश करते हैं ऐसे लोगों से हमें सावधान रहना है।अधिवेशन को विधायक संगीता सिन्हा जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी अशोक साहू प्रदेश महामंत्री चंद्रहास निर्मलकर राजनांदगांव जिला अध्यक्ष चैतराम निर्मलकर गुरुर राज बालोद जिला अध्यक्ष जगजीवन निर्मलकर दुर्ग जिला अध्यक्ष गोपाल निर्मलकर प्रदेश महासचिव बजरंगी छाटा प्रदेश संगठन मंत्री नकुल निर्मलकर जगन्नाथपुर राज के संरक्षक बेदी राम निर्मलकर उसुरवारा क्षेत्र के अध्यक्ष लेख राम निर्मलकर युवा प्रदेश अध्यक्ष रोशन निर्मलकर कार्यवाहक युवा प्रदेश अध्यक्ष अंबे बाघमार महिला विंग के अध्यक्ष छवि लता निर्मलकर के अलावा अनेक पंचायत प्रतिनिधि समाज प्रमुख होने संबोधित किया समाज ने संत गाडगे के पद चिन्हों पर चलने के लिए समाज में एक से बढ़कर एक रचनात्मक निर्णय को लागू करने का निर्णय लिया समाज के लोगों ने प्रदेश अध्यक्ष को बताया मृत्यु भोज सगाई प्रथा चौथि या प्रथा छटठी मैं शराब परोसने जूता छुपाने सगाई में मोबाइल देने की प्रथा लगभग समाप्ति की ओर है प्रदेश समाज की प्रत्येक निर्णय का पालन किया जा रहा है निश्चित रूप से एक समय ऐसा आएगा हमारा समाज भी आदर्श समाज कहलाएगा समाज के लोगों ने प्रदेश अध्यक्ष को वचन दिया अगले वर्ष राजधानी की नातिन धोबिन दाई परिसर बोरिया खुर्द मैं अगर आयोजन होता है निश्चित रूप से बालोद जिला सर्वसम्मति से जाएगा और प्रदेश स्तर के आयोजन में हम लोग शामिल होंगे इसी प्रकार से आश्वासन सभी जिला के प्रमुखों ने फोन के माध्यम से प्रदेश के पदाधिकारी को दी इस महाधिवेशन का संचालन उपाध्यक्ष जसवंत निर्मलकर कर रहे थे आभार प्रदर्शन कोषाध्यक्ष कृपा रजक ने किया उक्त जानकारी राजधानी के अध्यक्ष वरुण निर्मलकर ने जारी

# विप्र कॉलेज के विद्यार्थियों ने सीखा उद्यमिता के गुण



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कॉलेज के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के विद्यार्थियों के लिए औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया।

विप्र कॉलेज द्वारा आयोजित शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत विद्यार्थियों को सेंटर इंस्टिट्यूट ऑफ़ पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ले जाया गया, जहाँ दो दिवसीय कार्यशाला इटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट विदाउट प्लांट लेआउट विषय पर आयोजित की गई।

विप्र कॉलेज द्वारा आयोजित शैक्षणिक भ्रमण में कुल 52 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। विद्यार्थियों के साथ विभागाध्यक्ष डॉ. आराधना शुक्ला तथा प्राध्यापकगण डॉ. निधि श्री शुक्ला, प्रगति राय एवं मोनार्क सिंह ठाकुर उपस्थित रहे। कार्यशाला के प्रथम दिवस में 'इंटरप्राइज डेवलपमेंट' विषय पर विद्यार्थियों को उद्यमिता के मूल सिद्धांत, व्यवसाय स्थापना की प्रक्रिया, वित्तीय प्रबंधन एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। द्वितीय दिवस में 'प्लांट लेआउट' विषय के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के प्लांट लेआउट, उत्पादन प्रक्रिया, कार्य प्रवाह प्रबंधन एवं औद्योगिक सुरक्षा के विषय में व्यावहारिक जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को मशीनों एवं उत्पादन इकाइयों का प्रत्यक्ष अवलोकन करने का अवसर भी प्राप्त हुआ।

इस औद्योगिक भ्रमण से विद्यार्थियों को उद्योगों की कार्यप्रणाली का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ तथा उद्यमिता एवं प्रबंधन संबंधी अवधारणाओं की बेहतर समझ विकसित हुई। प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने बताया कि इस प्रकार के औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं व्यावसायिक दक्षता के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं।महाविद्यालय परिवार ने सीआईपीईटी के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने कार्यशाला को सफलतापूर्वक संपन्न कराया।

# प्राकृतिक सब्जियों और हर्बल पद्धतियों पर जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न



**रायपुर।** प्रकृति की ओर सोसाइटी द्वारा सैनिक कल्याण भवन में प्राकृतिक जागरूकता एवं हर्बल उपयोग विषय पर एक प्रेरक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. नारायण साहू, अधिष्ठाता, महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय ने पालक, लाल भाजी जैसी प्राकृतिक सब्जियों के पोषण महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ये न केवल स्वास्थ्यवर्धक हैं, बल्कि प्राकृतिक रंग एवं उपयोगी उत्पादों के निर्माण में भी सहायक हैं। उन्होंने टेसू के फूल एवं कत्था जैसे प्राकृतिक तत्वों के सुरक्षित एवं पर्यावरण हितैषी उपयोग की जानकारी सरल भाषा में प्रदान की।

विशिष्ट वक्ता डॉ. रूना शर्मा, सौंदर्य विशेषज्ञ एवं त्वचा रोग परामर्शदाता, ने हर्बल पद्धतियों के लाभों पर प्रकाश डालते हुए त्वचा की प्राकृतिक रूप से देखभाल करने के उपाय बताए। उन्होंने रासायनिक उत्पादों से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति सावधान रहने तथा प्राकृतिक विकल्प अपनाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष मोहन वर्लयानी ने की तथा कार्यक्रम का संयोजन डॉ. अनिल चौहान द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. विजय जैन, संजय शर्मा, शिल्पी नागपुरे एवं लक्ष्मी यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने प्राकृतिक जीवनशैली अपनाने एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया।

## आज का राशिफल

मेष राशि :आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज आपको पुरानी बातों के झंझट में पड़ने से बचना चाहिए। छोटी–छोटी बातों पर गुस्सा करने से कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं, आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखना चाहिए। लवमेट एक दूसरे की भावनाओं को समझेंगे, कहीं बाहर घूमने का प्लान बनायेंगे।

वृष राशि : आज आपका दिन उमंग से भरा रहेगा। व्यापार को बढ़ाने के कुछ नए तरीके आपके दिमाग में आयेंगे। आप अपनी बातों को अपने पिता से जरूर शेयर करें, इससे जीवन में चल रही परेशानियों का हल मिलेगा। मिलजुल कर किये गए कार्यो में आपको बहुत हद तक सफलता मिलेगी।

मिथुन राशि : आज नए कार्यों करने में आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपका मन ईश्वर की भक्ति में लगा रहेगा, आप किसी मंदिर जा सकते हैं जहां आपको खुशी मिलेगी। करियर में आप नये आयाम स्थापित करेंगे।

कर्क राशि : आज आपका दिन व्यस्तता में बीतेगा। बॉस आपको नयी जिम्मेदारी सौंप सकते हैं, जिसे आप पूरी लग्न और मेहनत से करेंगे, काम को लेकर आपकी तारीफ होगी। आपके आय के नए स्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। कला और साहित्य के क्षेत्र में रुझान रहेगा।

सिंह राशि : आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज कारोबार में पैसा लगाने से पहले बडों की राय लेना आपके लिए बेहतर होगा। बड़े बुजुर्गों के पैर छुए, धन–धान्य में बढ़ोतरी होगी। पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे।

कन्या राशि : आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज घर के बड़ो की मदद से आपका जरूरी काम पूरा हो जायेगा। किसी रिश्तेदार से आपको अच्छी खुशखबरी मिलेगी। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे, इससे रिश्ते में नयापन आयेगा। सामाजिक कार्यों में सहयोग देने से आपको अच्छा फील होगा।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज परिवार वालों की सलाह आपके लिये महत्वपूर्ण रहेगी। आज आपके भौतिक सुख–सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। छात्र आज कुछ नया करने की कोशिश करेंगे, आपको अपने दिनचर्या में कुछ बदलाव करने की जरूरत है।

वृश्चिक राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपके विरोधी आपके काम की सराहना करेंगे। आज आप अपनी बुद्धिमानी से सब काम संभाल लेंगे। नौकरी करने वाले लोगों को सहयोगियों से मदद मिलेगी, जिससे आपका कार्य जल्दी पूरा हो जायेगा।

धनु राशि : आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज रुका हुआ धन वापस मिलेगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। आज आप सामाजिक कार्यों में सहयोग देने की सोचेंगे। व्यापार में योजनाबद्ध तरीके से काम करने से आपको लाभ की प्राप्ति होगी।

मकर राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज ऑफिस में सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे, लेकिन दूसरों के कामों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। जीवनसाथी आज आपको खुशियां देंगे।

कुंभ राशि : आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अचानक हए धन लाभ से आज अपनी जरूरत का सामान खरीदेंगे। दाम्पत्य जीवन में और मधुरता आएगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिये आज का दिन काफी अच्छा रहने वाला है, पार्टी में नयी जिम्मेदारी मिलेगी। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा में सफलता हासिल होगी।

मीन राशि : आज का दिन आपके लिए खुशियां लेकर आया है। आज शुभ समाचार मिलने के संकेत नजर आ रहे हैं। आपके मन में किसी व्यक्ति की मदद करने का भाव आयेगा। कुछ लोग आपके विरुद्ध प्लानिंग कर सकते हैं। आपको ऐसे लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। आज आपकी रचनात्मक प्रतिभा खुलकर लोगों के सामने आयेगी । आपकी आर्थिक स्थिति में बढ़ोतरी होगी। माता–पिता के साथ किसी धार्मिक कार्य की योजना बनायेंगे।



## हंसते–हंसते जीना सीखो....



0 यात्री ट्रेन से उतराए
उसने संता से पूछाृ
श्यह कौन.सा स्टेशन है
संता हंसाए और जोर से हंसा
जोर.जोर से हंसाए हस्ते.हस्ते लोट पोट हो गया
और बड़ी मुश्किल से अपने आपको संभालते हुए बोला दृ
पगले ये रेलवे स्टेशन है
0 संता के घर उसका विदेशी दोस्त आया
और
दरवाजे पर नीबू मिर्ची लटके देख चकराया और पूछा
ये क्या है
संता
ये एंटी वायरस है। मेड इन इंडिया !!
0 संता सिंह अपनी गर्भवती बीवी को हॉस्पीटल ले गया
और नर्स से बोलाय
अगर लडका हो तो कहना कि टमाटर हुआ हैण्ण
और अगर लडकी हो तो कहना प्याज हुयी हैण्ण!
इत्तेफ़ाक से लडका लडकी
दोनों जुडवा हो जाते हैं और नर्स कन्फ्यूजन में बाहर आयी और बोलीसर बधाई हो
श्सलादश् हुआ है
0 संता केले के छिलके से फ़िसल कर गिर गया।
आगे चला तो दूसरे छिलके से फ़िसल कर गिर गया।
थोड़ा और आगे चला तो उसे तीसरा छिलका दिख गया। संता बोला. धत् तेरे की अब फ़िर से गिरना पड़ेगा !
0 कब्रिस्तान के आगे दो व्यक्ति बात कर रहे थे
कितने आराम से सो रहे हे ये लोगश
उतने में एक मुर्दा खडा हो गया और बोलारू
क्यों नहीं सोएंगेए जान दे के जगह ली है!
0 हमको तीन तलाक़ वाली फ़ेसिलिटी नहीं चाहिए
बस इतना करवा दो की
तीन बार श्माय के जामायके जा मायके जा बोलने पर बीबी को 10 दिन के लिए मायके जाना बवउचनसेवतल हो जाये।
0 बेटा – पापा आप शराब मत पिया करो
पापा–पीने दे बेटाए साथ क्या ले कर जाना है
बेटा – इसी तरह पीते रहे तो छोड़कर भी क्या जाओगे
0 लडका लडकी होटल में गएद्य
वेटररू. मेम आप क्या लेगी–
लडकीरू. मिर्च वाला घेवर–
वेटररू. क्या–
लडकी–मिर्च वाला घेवर–
वेटर–
लडका
अरे भाई गाँव की हैं !!
तु टेंशन मत ले
पिज्जा माँग रही हैं !!
0 भाइयों और बहनों
अच्छे दिन तो आ गए हैंलेकिन कोहरे की वजह से दिख नहीं रहे हैंभाजपा
0 दीवार पर लिखा था श्यहां कुत्ते
सुसु करते हैं!
संता ने वहां सुसु किया और फ़िर हंस कर बोला
ष्इसे कहते हैं दिमागण्ण् सुसु मैंने किया और नाम कुत्ते का आएगा

## आज का इतिहास

1739 – करनाल में हुए युद्ध में फ़ारस पर सत्तासीन तुर्क नादिरशाह ने मुग़ल शहंशाह आलम की भारतीय सेना को हरा दिया।
1821 – मैक्सिको ने स्पेन से स्वतंत्रता हासिल की।
1822 – दुनिया के पहले स्वामी नारायण मंदिर का अहमदाबाद में उद्घाटन हुआ।
1831 – दा ट्रीटि ऑफ़ डासिंग रेबिट क्रीक वह पहली संधि है जिसे भारतीय रिमूवल एक्ट से हटाने की घोषणा की गयी।
1882 – संक्रामक बीमारी टीबी की पहचान आज ही के दिन की गई थी।
1894 – निकारागुआ ने होंडुरास की राजधानी तेगुसिगालपा पर क़ब्ज़ा किया।
1895 – क्यूबा में स्वतंत्रता प्राप्ति के लिये लड़ाई शुरु हुई।
1976 – अर्जेन्टीना में सेना प्रमुखों द्वारा बलात् सत्ता ग्रहण, राष्ट्रपति श्रीमती पैरों गिरफ्तार एवं संसद भंग।
2001 – पाकिस्तान भारत से परमाणु निवारण के लिए वार्ता को तैयार।
2003 – चीन के जिजियांग प्रान्त में भीषण भूकम्प से 257 मरे।
2004 – रूस के राष्ट्रपति ब्लादीमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री मिखाइल कास्यानोव को उनके पद से हटाया।
2006 – फिलीपींस में तख्तापलट की कोशिश के बाद आपातकाल लागू।
2008 –रिलायंस पावर ने अपने शेयर धारकों की क्षतिपूर्ति के लिए बोनस शेयर जारी करने का फैसला किया।
2009 – केन्द्र सरकार ने सेवा कर उत्पाद शुल्क में कटौती की घोषणा की।
2013 – राउल कास्त्रो को दूसरे कार्यकाल के लिये क्यूबा का राष्ट्रपति चुना गया।
1984 – मौउमा दास – भारत की टेबल टेनिस खिलाड़ी हैं।
1483 – प्रथम मुग़ल शासक बाबर।
1919 – शारदा मुखर्जी – भारतीय राजनीतिज्ञ थीं।
1924 – तलत महमूद – प्रसिद्ध भारतीय गजल गायक और अभिनेता।
1939 – जॉय मुखर्जी – हिन्दी फ़िल्मों के मशहूर अभिनेता और निर्माता निर्देशक।
1304 – इब्न बतूता – अरब यात्री, विद्वान् तथा लेखक।

## सू–दोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू–दोकू क्र.325 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |

## शब्द सामर्थ्य

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव–फिराव वाला, आड़ा–तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण–पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | ■ | 3 | | 4 | 5 |
| | ■ | | ■ | ■ | ■ | ■ | 6 | |
| ■ | 7 | | 8 | ■ | 9 | | | |
| ■ | ■ | 10 | | 11 | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | ■ | ■ | 13 | | | ■ | 14 | 15 |
| 16 | 17 | ■ | ■ | | ■ | 18 | | |
| 19 | | 20 | | | ■ | | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 21 | | | |
| ■ | 22 | | | | | ■ | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 325 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | ■ | स | पू | त |
| ल | ■ | ब | ल | वा | न | ■ | ■ | द |
| म | ह | क | ■ | खा | म | खां | ■ | बी |
| ग्न | ■ | त | ल | ना | ■ | स | फ | र |
| ■ | म | रा | ■ | ■ | ■ | ना | टा | ■ |
| ■ | हि | ■ | स | ■ | ■ | ■ | फ | न |
| ■ | ला | ज | वा | ब | ■ | म | ट | र |
| मां | ■ | ग | ■ | सं | त | ति | ■ | भ |
| ■ | मा | त | ह | त | ■ | ■ | प | क्षी |

## होलाष्टक 8 दिन भूलकर भी न करें ये काम, अशुभ ग्रहों का पड़ेगा बुरा प्रभाव



होलाष्टक की शुरुआत आज यानी 24 फरवरी, मंगलवार से हो चुकी है। होलाष्टक का अर्थ है कि होली से पहले के 8 दिन जिसे हिंदू धर्म में बेहद ही महत्वपूर्ण माने जाते हैं। इस अवधि के दौरान कोई भी शुभ कार्य करना वर्जित माना जाता है। होलिका दहन के बाद से शुभ और मांगलिक कार्य फिर से शुरु हो जाते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार, होलाष्ट के समय कोई भी शुभ काम नहीं होते हैं, जैसेकि- शादी, गृह प्रवेश, मुंडन या कोई नया काम शुरु करना वर्जित माना गया है। इन 8 दिनों में भक्ति, साधना और मानसिक शांति पर ध्यान जरुर देना चाहिए। फाल्गुन मास की शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि से होलाष्टक की शुरुआत होती है और इसका समापन फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि पर होता है।

होली से पहले के 8 दिनों में कुछ कार्य करने शुभ भी माने जाते हैं। आइए आपको इस लेख में बताते हैं कि होलाष्टक में क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए।

– धार्मिक मान्यता के अनुसार, होलाष्टक के दौरान भूलकर भी सगाई, नामकरण, विवाह, मुंडन आदि 16 संस्कार नहीं करने चाहिए क्योंकि इस दौरान किसी भी प्रकार के शुभ कार्यों की मनाही होती है।

– इन 8 दिनों की अवधि में नया वाहन, प्रॉपर्टी, मकान आदि खरीदने से भी बचना चाहिए। होलाष्टक के समय इन कार्यों का करना शुभ नहीं होता है।

– होलाष्टक के दौरान ग्रह उग्र रहते हैं। इस समय नया बिजनेस शुरु नहीं करना चाहिए। ऐसा करने से ग्रहों की उग्रता का प्रभाव आपके काम पर पड़ सकता है।

– यदि आप गृह निर्माण करवाने का विचार बना रहे हैं। तो होलिका दहन तक ऐसा बिल्कुल न करें। धार्मिक मान्यता है कि होलाष्टक से पहले या बाद में जाना चाहिए। लेकिन नौकरी बदलना आवश्यक हो तो अपनी कुंडली किसी कुशल ज्योतिषी को दिखाकर सलाह लेनी चाहिए।

– होलाष्टक की अवधि में हवन और यज्ञ जैसे कार्य करना या करवाना भी वर्जित माना जाता है। ऐसा करने से प्रतिकूल प्रभावों का सामना करना पड़ता है।

### होलाष्टक में क्या करना चाहिए?

– इन 8 दिनों जप, तप और ध्यान करना बेहद अच्छा माना जाता है। इससे जातक के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ सकते हैं। ऐसे में होलाष्टक में भगवान की विधिपूर्वक पूजा और ध्यान करना चाहिए।

– धार्मिक मान्यता के अनुसार, इन दिनों भक्त प्रहलाद में विष्णुजी के लिए अटूट भक्ति की थी। ऐसे में आप होलाष्टक के समय भगवान विष्णु की पूजा करने के साथ-साथ उनके मंत्र %ओम नमो भगवते वासुदेवाय% का जाप कर सकते हैं।

– होलाष्टक के अवधि में भगवान शिव की पूजा करने का खास महत्व है। इस दौरान आप %ओम नम: शिवाय% मंत्र का जाप कर सकते हैं।

### होलाष्टक अशुभ क्यों माना जाता है

धार्मिक मान्यता है कि प्राचीन समय में भगवान शिव ने क्रोध में आकर कामदेव को भस्म कर दिया था, जिससे सृष्टि का संतुलन प्रभावित हो गया। कहा जाता है कि उस अवधि में आठ दिनों तक सभी ग्रह अत्यंत उग्र अवस्था में रहे। तभी से होलाष्टक की परंपरा का प्रारंभ माना जाता है। विश्वास है कि इन दिनों में शुभ और मांगलिक कार्य करने से ग्रहों की अशांत स्थिति के कारण नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

ज्योतिषाचार्या एवं टैरो कार्ड रीडर नीतिका शर्मा ने बताया कि होलाष्टक के दौरान पूजा पाठ का विशेष पुण्य प्राप्त होता है। इस दौरान मौसम में तेजी बदलाव होता है। इसलिए अनुशासित दिनचर्या को अपनाने की सलाह दी जाती है। होलाष्टक में स्वच्छता और खानपान का उचित ध्यान रखना चाहिए। इस दौरान भगवान विष्णु की पूजा करनी चाहिए। होलाष्टक में भले ही शुभ कार्यों के करने की मनाही है लेकिन इन दिनों में अपने आराध्य देव की पूजा अर्चना कर सकते हैं। व्रत उपवास करने से भी आपको पुण्य फल मिलते हैं। इन दिनों में धर्म कर्म के कार्य वस्त्र अनाज व अपनी इच्छा व सामर्थ्य के अनुसार जरुरतमंदों को धन का दान करने से भी आपको लाभ मिल सकता है।

### संतान के लिए

ज्योतिषाचार्या एवं टैरो कार्ड रीडर नीतिका शर्मा ने बताया कि यदि किसी कपल को संतान की प्राप्ति नहीं हो रही है तो वह होलाष्टक में लड्डु गोपाल की विधि विधान से पूजा पाठ करें। इस दौरान हवन भी करें जिसमें गाय का शुद्ध घी और मिश्री का इस्तेमाल करें। इस उपाय को करने से निसन्तान को भी संतान प्राप्त हो जाती है।

### करियर में सफलता के लिए

ज्योतिषाचार्या एवं टैरो कार्ड रीडर नीतिका शर्मा ने बताया कि यदि आप अपने करियर में तरक्की पर तरक्की चाहते हैं तो होलाष्टक में यह उपाय करें। घर या ऑफिस में जौ तिल और शक्कर से हवन करवाएं। ऐसा कर आपके करियर में आने वाली सभी बाधाएं खत्म हो जाएगी। आप जिस भी फील्ड में काम स्टार्ट करेंगे उसमें आसानी से सफलता का स्वाद चख सकेंगे।

### धन प्राप्ति के लिए

ज्योतिषाचार्या एवं टैरो कार्ड रीडर नीतिका शर्मा ने बताया कि यदि आप आर्थिक रूप से कमजोर हैं या अत्यधिक धन की कामना रखते हैं तो होलाष्टक में यह उपाय जरूर करें। कनेर के फूलए गांठ वाली हल्तीए पीली सरसों और गुड़ के द्वारा अपने घर में हवन करें। ऐसा करने से पैसों से जुड़ी सभी दिक्कतें दूर हो जाएगी। इतना ही नहीं संपत्ति से जुड़े मामलों में भी लाभ होगा।

ज्योतिषाचार्या एवं टैरो कार्ड रीडर नीतिका शर्मा ने बताया कि अपनी अच्छी सेहत के लिए आपको होलाष्टक में महामृत्युंजय मंत्र का जाप करना चाहिए।

ज्योतिषाचार्या एवं टैरो कार्ड रीडर नीतिका शर्मा ने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार, होलाष्टक के दौरान भगवान हनुमान, भगवान विष्णु और भगवान नरसिंह की पूजा करने का विधान है। माना जाता है कि पूजा करने से सभी समस्याएं दूर हो जाती हैं। साथ ही होलाष्टक के आठ दिनों में व्यक्ति को निरंतर महामृत्युंजय मंत्र का जाप करना चाहिए।

# लगातार कठिन होता संसद का चलना

भारत की राजनीति आज ऐसी अवस्था में पहुंच गई है, जिसकी कल्पना नहीं की जाती थी। यह भारत के संसदीय इतिहास की अत्यंत गंभीर स्थिति है, जब लोकसभा अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया गया, तो उसके समानांतर विपक्ष के नेता राहुल गांधी के विरुद्ध सब्सटेंसिव मोशन। राहुल गांधी के विरुद्ध भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर सब्सटेंसिव मोशन लाने की मांग की है। भाजपा ने पहले राहुल गांधी के विरुद्ध विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाने की बात की थी, किंतु अब सब्सटेंसिव मोशन लाने की पहल की है। सब्सटेंसिव मोशन विशेषाधिकार हनन से ज्यादा गंभीर होता है। सब्सटेंसिव मोशन स्वतंत्र प्रस्ताव होता है, जिसमें किसी सांसद के विरुद्ध स्पष्ट निर्णय सामने आता है। इस प्रस्ताव पर बहस और मतदान होता है तथा पारित होने पर सदन का आधिकारिक रुख और मत प्रकट होता है।

यानी संबंधित सांसद का आचरण और चरित्र संसद के अनुकूल है या नहीं, उन्हें सांसद होना चाहिए या नहीं, उन्हें भविष्य में चुनाव लड़ने देना चाहिए या नहीं आदि। इसके आधार पर उनके खिलाफ कार्रवाई हो सकती है और सदन की सदस्यता भी जा सकती है। चुनाव आयोग को उन्हें चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित करने की अनुशंसा भी की जा सकती है। जो भी हो, अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस मिलने के बाद से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में आना बंद कर दिया। अविश्वास प्रस्ताव के बाद बहस और परिणाम तक लोकसभा अध्यक्ष सदन की कार्यवाही की अध्यक्षता नहीं कर सकते, लिहाजा उन्होंने यह निर्णय लिया है। यही बात किसी सांसद या विपक्ष के नेता पर लागू नहीं होती। विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव या सब्सटेंसिव मोशन स्वीकृत होने के बावजूद संबंधित सदस्य हिस्सा ले सकते हैं। उन्हें अपना पक्ष रखने का समय दिया जा सकता है।

लोकसभा अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर नौ मार्च को बहस होने की संभावना है। उसी दौरान यह पता चलेगा कि राहुल गांधी के खिलाफ सब्सटेंसिव मोशन



स्वीकृत होता है या नहीं? चूंकि लोकसभा में भाजपा नेतृत्व वाले राजग को बहुमत है इसलिए ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव गिर जाएगा। यह बात सब्सटेंसिव मोशन पर लागू नहीं होती। बहुमत के आधार पर राजग राहुल गांधी के विरुद्ध कार्रवाई का प्रस्ताव पारित कर सकता है। हालांकि कांग्रेस में उनके समर्थकों में इससे कोई परेशानी नहीं दिखाई देती। उलटे वे यह कहते हुए प्रफुल्ल हैं कि संसद में एजेंडा तो राहुल गांधी ही सेट कर रहे हैं और अब सब्सटेंसिव मोशन के बहाने बहस भी उन्हीं के इर्द-गिर्द रहेगी। इससे सहज से अनुमान लगाया जा सकता है कि राहुल गांधी और उनके इर्द-गिर्द के रणनीतिकार किस दिशा में जा रहे हैं। अगर उनकी नजर में यही सही अर्थों में राष्ट्रीय एजेंडा निर्धारित करना है तो ऐसी कांग्रेस का भगवान ही मालिक है। राहुल गांधी अपने राष्ट्रीय दायित्वों की पूर्ति नहीं कर पा रहे हैं।

लगता है कि कांग्रेस के नेता चाहते हैं कि राहुल गांधी के खिलाफ कार्रवाई हो, ताकि लोगों में उनके प्रति सहानुभूति पैदा हो और वे इसका राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश करें, लेकिन कांग्रेस के लोग जिस तरह लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के विरुद्ध अभियान चलाते रहे हैं उसका क्या? उनकी बेटी के सिविल सर्विस पास होने तक पर प्रश्न उठाए गए थे? कांग्रेस की महिला सांसदों द्वारा उनको लिखा गया पत्र तो और शर्मनाक है। कांग्रेस के सांसद लोकसभा अध्यक्ष के लिए ऐसी कठिन स्थिति पैदा करने की कोशिश करते हैं कि उन्हें फैसला लेने में ही समस्या हो। ओम बिरला यहां व्यक्ति नहीं लोकसभा अध्यक्ष जैसे गरिमापूर्ण पद पर हैं।

उनसे व्यक्तिगत मतभेद हो सकता है, उनसे नापसंदगी भी होगी, पर पद का सम्मान करने और विश्वास करने का प्राथमिक दायित्व भी नेता और संसद न निभाएं, तो यह शर्मनाक है। अगर राहुल गांधी के समर्थकों को लगता है कि संसद में चर्चा और बहस का एजेंडा सेट करना ही बड़ी राजनीतिक उपलब्धि है, तो कुछ दिन पहले एसआइआर एवं चुनाव आयोग के संदर्भ में भी उन्होंने ऐसी ही स्थिति पैदा की थी। उन्होंने अपनी ओर से पूरी तैयारी के साथ एसआइआर और चुनाव आयोग को कठघरे में खड़ा किया, बिहार में वोटर अधिकार यात्रा की, लेकिन बिहार चुनाव परिणाम में उन्हें मुंह की खानी पड़ी। महाराष्ट्र चुनाव में अदाणी मुद्दा उनके लिए सर्वोपरि था, लेकिन वहां भी करारी हार हुई।लोकसभा अध्यक्ष ने कांग्रेस के सांसदों का निलंबन तब किया, जब वे वेल में जाकर लगातार अध्यक्ष की ओर कागज फेंक रहे थे, कोई आदेश या नियमन नहीं मान रहे थे। सदन संचालन के नियम और परंपरा हैं। उन्हें रौंदने पर उतारू लोगों के विरुद्ध अध्यक्ष को फैसला करना ही पड़ेगा। 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद से कांग्रेस और आक्रामक हो गई है। वह नहीं चाहती कि एक दिन भी संसद में सामान्य स्थिति रहे और सदन सुचारु रूप से चले। राहुल ने राष्ट्रपति अभिभाषण से संबंधित मुद्दे पर किसी सत्र में भाषण नहीं दिया। वह मनगढ़ंत विषय लेकर आते हैं और उसे सदन में रखते हैं तथा अध्यक्ष के रोकने पर उन्हें आरोपित करते हैं। इस तरह के व्यवहार में कोई लोकतांत्रिक रास्ता निकल नहीं सकता।

**अवधेश कुमार।**

# जाति संघर्ष का सर्वसमावेशी समाधान वक्त की जरूरत

पिछड़ों को आरक्षण को समाज ने स्वीकार कर लिया था, तभी दूसरे सवर्ण और मनमोहन सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्री अर्जुन सिंह ने साल 2006 में उच्च शैक्षणिक संस्थानों के दाखिले में पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए आरक्षण की शुरूआत कर दी। इसके विरोध में एक बार फिर युवा राजनीति उभरी।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी के दिशा-निर्देशों से ना सिर्फ जाति विमर्श केंद्र में आ गया है, बल्कि हिंदू समाज जातीय खांचे में बंटता नजर आ रहा है। आर्थिक और शैक्षिक विकास की वजह से जाति विभाजन की जो रेखाएं मध्यम पड़ने लगी थीं, वे एक बार फिर गहरी होती नजर आ रही है। मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू होने के बाद जैसा स्पष्ट विभाजन हिंदू समाज में दिख रहा था, कुछ उसी राह पर एक बार फिर समाज बढ़ता दिख रहा है। जाति के तवे पर राजनीतिक रोटी सेंकने वाले कुछ दल यूजीसी की गाइडलाइन को लागू करने के लिए छात्रों के बीच जाति विमर्श की आंच को हवा दे रहे हैं तो इस गाइडलाइन के विरोध में खड़े सवर्ण समाज के लोग भी अपने समाज के छात्रों को लामबंद करने में प्राणपण से जुटे हुए हैं। मंडल आयोग की रिपोर्ट के बाद जिस तरह नया राजनीतिक विमर्श खड़ा हुआ, जिससे कुछ राजनीतिक दलों और शख्सियतों को उभरने का मौका मिला, कुछ वैसे ही हालात एक बार फिर बनते दिख रहे हैं। अगर यूजीसी गाइडलाइन का सर्वसमावेशी हल नहीं खोजा गया तो हिंदुत्व की राजनीति पर भी असर पड़




सकता है। हिंदू एकता का सपना भी खतरे में पड़ सकता है।

राजनीति के बारे में एक धारणा है। सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक विकास ने जाति विभाजन को जहां कमजोर किया, वहीं राजनीति इसे जिंदा करने में सफल हुई है। सामाजिक यात्रा में पिछड़ी रह गई जातियों के उत्थान के नाम पर राजनीति ने जाति विमर्श को केंद्र में लाने का सबसे बड़ा योगदान विश्वनाथ प्रताप सिंह को जाता है, जिन्होंने देवीलाल के राजनीतिक रसूख को काबू में करने के लिए 1990 में मंडल आयोग की रिपोर्ट पर पड़ी धूल को झाड़ा और उसे लागू कर दिया। पैंतीस साल पहले के उस फैसले ने समाज को बुरी तरह विभाजित कर दिया। मंडल आयोग के खिलाफ तकरीबन समूचा उत्तर भारत धधक उठा था। सवर्ण समुदाय के छात्रों और नौजवानों को अपना भविष्य अंधकारमय नजर आने लगा था। उन्होंने खुद को आग के हवाले करना शुरू कर दिया। विश्वनाथ प्रताप सिंह कविता भी करते थे। कवि को लेकर धारणा है है कि वह कोमल हृदय का स्वामी होता है। लेकिन आग की लपटों के बीच धू-धूकर जवानी को जलती देखकर भी कवि हृदय प्रधान मंत्री नहीं पसीजे थे। उस दौर के शरद यादव सवर्ण समाज के कटु आलोचक और पिछड़ावादी राजनीति के प्रबल पैरोकार के रूप में उभरे। मंडल आयोग की रिपोर्ट से समाज के बीच जो खाई पैदा हुई, बाद की राजनीति ने उसे और ज्यादा चौड़ा और गहरा ही किया है।

पिछड़ों को आरक्षण को समाज ने स्वीकार कर लिया था, तभी दूसरे सवर्ण और मनमोहन सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्री अर्जुन सिंह ने साल 2006 में उच्च शैक्षणिक संस्थानों के दाखिले में पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए आरक्षण की शुरूआत कर दी। इसके विरोध में एक बार फिर युवा राजनीति उभरी। यूथ फॉर इक्वलिटी के बैनर तले दिल्ली में इस फैसले के खिलाफ युवा सड़कों पर उतर पड़े। इस आंदोलन के चलते भी सामाजिक विभाजन बढ़ा। शैक्षणिक संस्थानों के दाखिले में आरक्षण के विरोधी समुदायों और इसके समर्थक समुदायों के बीच एक बार फिर विभाजक रेखा गहरी हुई। इससे भी देश उबर रहा था कि यूजीसी की गाइडलाइन आ गई और फिर से एक बार भारतीय समाज गहरे अंतरद्वंद्व और सामाजिक संघर्ष से जूझने लगा। यह संघर्ष अभी समाज में सीधे तो नहीं दिख रहा, लेकिन विश्वविद्यालयों के परिसर इसके चलते उबल रहे हैं। एक तरफ इस गाइडलाइन के समर्थक हैं

**उमेश चतुर्वेदी ।**

# एआई ईपैक्ट और महिलाओं से जुड़ी प्रचुर

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अर्थात एआई आज केवल एक तकनीकी उपकरण नहीं रह गया है, बल्कि यह सामाजिक संरचनाओं, आर्थिक अवसरों और शक्ति संतुलन को पुनर्परिभाषित करने वाला परिवर्तनकारी माध्यम बन चुका है। इस परिवर्तन के केंद्र में यदि किसी वर्ग के लिए सर्वाधिक संभावनाएँ छिपी हैं तो वह है महिला वर्ग, क्योंकि सदियों से अवसरों की असमानता, संसाधनों तक सीमित पहुँच और निर्णय-निर्माण में कम भागीदारी जैसी बाधाओं का सामना करने वाली महिलाओं के लिए एआई एक नई ऊर्जा, नई दिशा और नया इम्पैक्ट लेकर आया है। विश्व स्तर पर उपलब्ध नवीन आँकड़े यह संकेत देते हैं कि तकनीकी क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी अभी भी संतोषजनक नहीं है, विभिन्न अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों के अनुसार एआई से जुड़े कार्यक्षेत्रों में महिलाओं की हिस्सेदारी लगभग 28 से 30 प्रतिशत के बीच है, जबकि नेतृत्वकारी भूमिकाओं में यह प्रतिशत और भी कम हो जाता है, भारत में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में लगभग 20 प्रतिशत एआई पेशेवर महिलाएँ हैं, परंतु यदि प्रशिक्षण, डिजिटल पहुँच और नीतिगत समर्थन को व्यापक बनाया जाए तो 2027 तक इस संख्या के चार गुना तक बढ़ने की संभावना व्यक्त की गई है। यह आँकड़ा केवल सांख्यिकीय वृद्धि का संकेत नहीं बल्कि सामाजिक शक्ति संतुलन में संभावित बड़े बदलाव का संकेत है। एआई इम्पैक्ट का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह कौशल आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देता है।जहाँ पारंपरिक लैंगिक पूर्वाग्रह अपेक्षाकृत कम प्रभावी होते हैं। ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म, वर्चुअल ट्यूटर, एआई-आधारित भाषा अनुवाद उपकरण और कोडिंग सिमुलेटर उन महिलाओं के लिए वरदान सिद्ध हो रहे हैं जो भौगोलिक, सामाजिक या पारिवारिक कारणों से औपचारिक संस्थानों तक नहीं पहुँच पाती थीं।इस संदर्भ मे यूनेस्को ने स्पष्ट रूप से कहा है कि यदि एआई को समावेशी दृष्टिकोण के साथ विकसित किया जाए तो यह महिलाओं की कार्यभागीदारी और नेतृत्व क्षमता को अभूतपूर्व रूप से बढ़ा सकता है, इसी प्रकार डिजिटल ऑर्गेनाइजेशन ने अपनी रिपोर्टों में उल्लेख किया है कि डिजिटल अर्थव्यवस्था में लैंगिक समानता सुनिश्चित करना वैश्विक विकास की अनिवार्य शर्त है। एआई इम्पैक्ट का दूसरा महत्वपूर्ण आयाम कार्यस्थल पर महिलाओं की आवाज़ को सशक्त करना है। मीटिंग एनालिटिक्स कंपनी की एक हालिया रिपोर्ट में पाया गया कि एआई-सहायता प्राप्त वर्चुअल मीटिंग टूल्स के उपयोग से महिलाएँ औसतन 9 प्रतिशत अधिक बोलती हैं, क्योंकि एआई आधारित नोट-टेकिंग और समय प्रबंधन उपकरण उन्हें बिना बाधा अपनी बात रखने का अवसर देते हैं। यह परिवर्तन प्रतीकात्मक नहीं बल्कि संरचनात्मक है, क्योंकि निति-निर्माण में आवाज़ की उपस्थिति ही शक्ति का पहला चरण होती है। ग्रामीण और अर्धशहरी भारत में एआई इम्पैक्ट का एक और आयाम उभर कर आया है जहाँ डिजिटल सखी, एआई चैटबॉट और स्मार्ट कृषि सलाह प्लेटफॉर्म महिलाओं को उद्यमिता की दिशा में प्रेरित कर रहे हैं। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएँ अब एआई आधारित बाजार विश्लेषण, मूल्य पूर्वानुमान और ग्राहक पहुँच टूल्स का उपयोग कर अपने उत्पादों को व्यापक बाजार तक पहुँचा पा रही हैं इससे आय में वृद्धि के साथ आत्मविश्वास भी बढ़ रहा है। स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई इम्पैक्ट और भी गहरा है। मातृ स्वास्थ्य निगरानी, पोषण परामर्श, मानसिक स्वास्थ्य चैटबॉट और प्रारंभिक रोग पहचान प्रणाली ग्रामीण महिलाओं के लिए जीवनरक्षक सिद्ध हो रही हैं, जहाँ पहले विशेषज्ञ डॉक्टरों की पहुँच कठिन थी वहाँ अब मोबाइल आधारित एआई समाधान प्राथमिक मार्गदर्शन उपलब्ध करा रहे हैं।



**संजीव ठाकुर**
**स्वतंत्र लेखक**

## फाल्गुन कामदा सप्तमी व्रत से मिलता है संतान सुख



यह व्रत भगवान सूर्य को समर्पित होता है। इस व्रत को कामना पूर्ति के लिए खास माना गया है। कामनाओं को पूरा करने वाला यह व्रत पूरे वर्ष भर चलने वाला व्रत होता है तो आइए हम आपको फाल्गुन कामदा सप्तमी व्रत का महत्व एवं पूजा विधि के बारे में बताते हैं।

कामदा सप्तमी व्रत एक महत्वपूर्ण हिंदू त्यौहार है जो हिंदू कैलेंडर के अनुसार चैत्र महीने के सातवें दिन मनाया जाता है। यह दिन भगवान सूर्य को समर्पित है, जो हिंदू सूर्य के देवता हैं। इस त्यौहार को चैत्र शुक्ल सप्तमी के नाम से भी जाना जाता है और ऐसा माना जाता है कि इस दिन व्रत रखने से अच्छा स्वास्थ्य और समृद्धि प्राप्त होती है। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, इस त्यौहार का विशेष महत्व है क्योंकि ऐसा कहा जाता है कि भगवान सूर्य इस दिन अपने भक्तों को आशीर्वाद देते हैं और उनके सभी पापों को दूर करते हैं। यह त्यौहार भारत के कई हिस्सों में, खासकर उत्तर भारत में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह हिंदुओं के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है और कामदा सप्तमी व्रत का पालन भगवान सूर्य के प्रति भक्ति दिखाने और उनका आशीर्वाद पाने का एक तरीका माना जाता है। यह व्रत प्रत्येक शुक्ल सप्तमी को किया जाता है और हर चौमासे अर्थात् हर चार माह में इस व्रत का पारण करना चाहिए।

### फाल्गुन कामदा सप्तमी व्रत का महत्व

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार व्यक्ति का जीवन उसके जन्म कुण्डली पर निर्भर करता है। जिन व्यक्ति की कुण्डली में सूर्य नीच स्थान पर होता है उनके जीवन में काफी परेशानियां और धन आदि की हानि होती है। कामदा सप्तमी व्रत करने से इन सभी परेशानियों से निजात मिलता है। कामदा सप्तमी व्रत करने से व्यक्ति की कुण्डली में सूर्य बलवान होता है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा आती है।

फाल्गुन कामदा सप्तमी व्रत के दौरान व्रत रखने और अनुष्ठान करने से व्यक्ति की इच्छाओं और मनोकामनाओं को पूरा करने में मदद मिलती है। इस त्योहार को देवी-देवताओं का आशीर्वाद लेने और अपने मन और शरीर की अशुद्धियों को दूर करने के अवसर के रूप में भी देखा जाता है। भक्ति और आत्म-अनुशासन को बढ़ावा देने में कामदा सप्तमी व्रत की भूमिका कामदा सप्तमी व्रत के दौरान उपवास करना खुद को शुद्ध करने और देवी-देवताओं के प्रति भक्ति दिखाने का एक तरीका माना जाता है। इस त्योहार को आत्म-अनुशासन का अभ्यास करने और अपनी इच्छाशक्ति को मजबूत करने के अवसर के रूप में भी देखा जाता है। व्रत रखने और अनुष्ठानों को ईमानदारी और समर्पण के साथ करने से, भक्त ईश्वर के साथ अपने आध्यात्मिक संबंध को गहरा करने और अपने समग्र कल्याण में सुधार करने का लक्ष्य रखते हैं।

### फाल्गुन कामदा सप्तमी व्रत के दिन ऐसे करें पूजा

पंडितों के अनुसार षष्ठी को एक समय भोजन करके सप्तमी को निराहार रहकर, 卐खखोल्काय नम:卐 मन्त्र से सूर्य भगवान की पूजा करें और अष्टमी को तुलसी दल के समान अर्क के पत्तों का सेवन करें। प्रात: स्नानादि के बाद सूर्य भगवान की पूजा करें सारा दिन 卐सूर्याय नम:卐 मन्त्र से भगवान का स्मरण करें। अष्टमी को स्नान करके सूर्य देव का हवन पूजन करें। सूर्य भगवान् का पूजन करें आज घी, गुड़ इत्यादि का दान करें और दूसरे दिन ब्राह्मणों का पूजन करके खीर खिलाने का विधान है।

### फाल्गुन कामदा सप्तमी व्रत की पौराणिक कथा

हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, भगवान शिव ने एक बार देवी पार्वती को कामदा सप्तमी की कहानी सुनाई थी। ऐसा कहा जाता है कि कामदा नाम की एक पवित्र और गुणी महिला ने पूरी श्रद्धा और समर्पण के साथ कामदा एकादशी व्रत का पालन किया था। उसने भगवान विष्णु से अपने पति को अच्छे स्वास्थ्य, धन और समृद्धि का आशीर्वाद देने के लिए प्रार्थना की। उसकी प्रार्थना सुनी गई और उसके पति को जीवन में सभी अच्छी चीजों का आशीर्वाद मिला। तब से, कामदा सप्तमी हर साल भगवान विष्णु के प्रति तपस्या और भक्ति के दिन के रूप में मनाई जाती है।

शास्त्रों के अनुसार भगवान सत्यनारायण और भगवान वेंकटेश्वर को कामदा सप्तमी व्रत के प्रमुख देवता माना जाता है। भगवान सत्यनारायण को भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है और धन, समृद्धि और खुशी के लिए उनकी पूजा की जाती है। भगवान वेंकटेश्वर भगवान विष्णु का दूसरा रूप हैं और उन्हें धन और समृद्धि का देवता माना जाता है।फाल्गुन कामदा सप्तमी व्रत को भक्ति और समर्पण के साथ करने से व्यक्ति को शांति, समृद्धि और खुशी प्राप्त करने में मदद मिलती है। व्रत उपवास और विभिन्न अनुष्ठानों और पूजा करके मनाया जाता है। पंडितों के अनुसार कामदा सप्तमी व्रत रखने से पापों और नकारात्मक कर्मों से मुक्ति मिलती है।पंडितों के अनुसार इस दिन भक्त सुबह जल्दी उठते हैं, स्नान करते हैं और साफ कपड़े पहनते हैं। वे भगवान विष्णु या भगवान सत्यनारायण की पूजा करते हैं और मंत्र और श्लोक पढ़ते हैं, भक्त उपवास रखते हैं और कुछ लोग केवल फल खाने या केवल पानी पीने का विकल्प चुनते हैं। भक्त देवता को फूल, फल और अन्य वस्तुएँ चढ़ाते हैं। कुछ क्षेत्रों में इस दिन लोग पवित्र नदी में डुबकी लगाते हैं या दान-पुण्य करते हैं।पंडितो के अनुसार उपवास शरीर और मन को शुद्ध करता है और भक्त को त्योहार के आध्यात्मिक पहलू पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करता है। इसे देवता के प्रति भक्ति और कृतज्ञता व्यक्त करने के तरीके के रूप में देखा जाता है। कुछ भक्त अपने परिवार, दोस्तों और प्रियजनों के लिए आशीर्वाद पाने के लिए भी उपवास करते हैं। शाम को आरती करने और देवता को भोजन अर्पित करने के बाद उपवास तोड़ा जाता है।

# सांसद महेश कश्यप की उपस्थिति में हुआ वीबी जीराम जी जनचौपाल




**जगदलपुर अग्रदूत** - बस्तर जिले के भाटागुड़ा, बालीकोंटा और धनपूंजी ग्रामों में आयोजित वीबी जीराम जी जनचौपाल कार्यक्रम में बस्तर सांसद महेश कश्यप मुख्य रूप से उपस्थित हुए। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, सुझावों एवं आवश्यकताओं को गंभीरता से जनचौपाल में सड़क निर्माण, पेयजल व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन वितरण, सिंचाई सुविधा, स्वास्थ्य सेवाओं तथा युवाओं के रोजगार जैसे विषय प्रमुख रूप से उठाए गए। सांसद महेश कश्यप ने कहा कि जनचौपाल केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनता और जनप्रतिनिधियों के बीच विश्वास का सेतु है।

सांसद महेश कश्यप ने कहा कि यह अधिनियम केवल मजदूरी उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि गांवों में स्थायी विकास मॉडल स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी, परिवारों की आय में वृद्धि होगी और युवाओं को अपने क्षेत्र में ही सम्मानजनक रोजगार प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने में ग्रामीण भारत की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। जब गांव समृद्ध होंगे, तब ही देश विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ेगा।

कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए जनप्रतिनिधियों का आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष लखिधर बघेल, जिला महामंत्री रजनीश पानीग्रही, जिला सहकारी बैंक उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा, जनपद अध्यक्ष पदलाम नाग, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम कश्यप, जिला पंचायत सदस्य बिंदु साहू, मंडल उपाध्यक्ष सीमांचल दास, मंत्री सुरेश ठाकुर, मंत्री सरिता साहू, मंत्री मनोज पटेल, कोषाध्यक्ष संगीता महाराणा, जनपद सदस्य अनीता नागे, जनपद सदस्य भूपेंद्र ठाकुर, तपन राय, सुमन ठाकुर, खीरसागर यादव, देवकी ठाकुर, वीरेंद्र जोशी एवं तुलावती बघेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ सुश्री किर्सी ह्यवैरिनेन का मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पर हुआ आत्मीय स्वागत

जगदलपुर, अग्रदूत छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक और प्राकृतिक वैभव के प्रतीक बस्तर जिले में संयुक्त राष्ट्र से संबद्ध अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ और हिवा कोचिंग एंड कंसल्टिंग की संस्थापक एवं सीईओ सुश्री किर्सी ह्यवैरिनेन के जगदलपुर आगमन पर मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पर आत्मीय स्वागत किया गया, जहां जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रतीक जैन ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनकी अगवानी की। एयरपोर्ट पर हुए इस गर्मजोशी भरे स्वागत ने न केवल अतिथि देवो भव: की परंपरा को जीवंत किया, बल्कि यह संकेत भी दे दिया कि बस्तर अब अंतरराष्ट्रीय पर्यटन के मानचित्र पर अपनी चमक बिखेरने के लिए पूरी तरह तैयार है। सुश्री किर्सी का यह छह दिवसीय प्रवास, जो 23 से 28 फरवरी तक चलेगा,

## संगठन ने सक्रिय युवा चेहरे को सौंपी कमान सोनू यादव बने जांजगीर मंडल अध्यक्ष



**जांजगीर अग्रदूत** । भारतीय जनता युवा मोर्चा ने संगठन को अधिक मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से जांजगीर मंडल में महत्वपूर्ण नियुक्ति की है। पार्टी ने निरंतर सक्रिय, जुझारू एवं संगठन के प्रति समर्पित शिवानंद यादव उर्फ़ सोनू यादव को भारतीय जनता युवा मोर्चा, जांजगीरङ्कनैला मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया है।

श्री यादव लंबे समय से संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय रहते हुए आम जनता की आवाज बुलंद करते आए हैं। जनहित के मुद्दों पर उन्होंने सदैव संघर्षशील भूमिका निभाई है और पार्टी की विचारधारा को मजबूती से आगे बढ़ाया है। उनके इस अनुभव, सक्रियता और संघर्षशील नेतृत्व से युवा मोर्चा और अधिक सशक्त होगा तथा पार्टी को जमीनी स्तर पर नई मजबूती मिलेगी।

इस नियुक्ति पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। सभी ने विश्वास जताया कि सोनू यादव के नेतृत्व में युवा शक्ति संगठित होगी और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से जन-जन तक पहुँचाया जाएगा।नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष सोनू यादव ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए युवाओं को राष्ट्रसेवा और संगठन विस्तार से जोड़ने का सतत प्रयास करेंगे। इस अवसर पर मंडल, जिला एवं युवा मोर्चा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## समेकित बाल विकास सेवाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें-कलेक्टर छिकारा

**जगदलपुर, अग्रदूत** कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में विभागीय कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लक्षित बच्चों, शिशुवती माताओं, गर्भवती महिलाओं तथा किशोरी बालिकाओं को समेकित बाल विकास सेवाओं का अधिकतम लाभ दिलाने के लिए प्रोएक्टिव होकर कार्य किया जाए।

उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर लक्षित बच्चों की नियमित उपस्थिति, पोषण आहार वितरण, नियमित टीकाकरण, स्वास्थ्य परीक्षण तथा परामर्श सेवाओं की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने लक्षित आयु वर्ग के बच्चों का सेल्फ आधार, अपार आईडी बनाने सहित सभी लक्षित लाभार्थियों का आभा आईडी बनवाने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा ने घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 के अंतर्गत प्रकरणों के निराकरण सहित सखी वन स्टाप सेंटर के माध्यम से पीड़ित महिलाओं की सहायता के लिए समन्वित पहल किए जाने कहा। कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी सहायिकाओं के पदों निर्धारित समयावधि तक भर्ती प्रक्रिया पूर्ण करने कहा। वहीं विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में अद्यतन प्रगति लाने के साथ ही उपलब्ध बजट का उपयोग सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने दिशा दर्शन योजना एवं महिला जागृति शिविर आयोजन के लिए शीघ्र प्लान कर कार्यान्वयन किए जाने कहा। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजनांतर्गत लक्ष्य से अधिक प्रगति लाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के डेटा के आधार पर समन्वित पहल करने कहा।

## सरकार की संवेदनशील, मगर आक्रामक रणनीति से नक्सलमुक्त हो रहा बस्तर

**जगदलपुर अग्रदूत।** केंद्र और राज्य की सरकारों की संवेदनशील, मगर आक्रामक रणनीति के चलते बस्तर संभाग तेजी से नक्सलमुक्त हो रहा है। इसी के साथ यहां की खूबसूरत वादियों में तरक्की की शानदार बयार भी बहने लगी है, रिमोट एरिया के गांवों में भी बुनियादी सुविधाएं पहुंचने लगी हैं और ग्रामीणों के चेहरों की रौनक लौट आई है।केंद्र की मोदी सरकार और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 31 मार्च 2026 तक देश को माओवाद मुक्त करने का जो संकल्प ले रखा है, उसे मूर्तरूप देने में छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय सरकार फलीभूत करने में जमीनी तौर पर पहल कर रही है। केंद्र सरकार ने जहां सुरक्षा बलों को एंटी नक्सल ऑपरेशन के लिए फ्री हैंड कर कड़े तेवर दिखाने की खुली छूट दे रखी है, वहीं छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय सरकार ने संवेदनशील कदम उठाए हैं। नक्सलियों के आत्मसमर्पण और पुनर्वास के लिए बनाई गई योजना नक्सलियों को खूब पसंद आ रही है। वहीं आक्रामक रणनीति से नक्सलियों की कमर टूट चुकी है। केंद्र में जबसे भाजपा की सरकार आई है, नक्सल उन्मूलन के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत लगातार काम किया जा रहा है।

# नारायणपुर पुलिस ने वर्ष 2026 की पाँचवी कैम्प खोली आदनार में




**नारायणपुर** वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नारायणपुर पुलिस द्वारा नक्सल मुक्त सशक्त बस्तर की कल्पना को साकार रूप देने हेतु क्षेत्र में लगातार नक्सल विरोधी ''माड़ बचाओ'' अभियान संचालित किया जा रहा है। साथ ही अबूझमाड़ में लगातार नवीन कैम्प स्थापित करते हुए सड़क पुल-पुलिया निर्माण सहित अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं को अंदरूनी गांव तक पहुंचाये जाने में सहयोग प्रदान किया जा रहा है। इसी कड़ी में थाना सोनपुर के ग्राम आदनार क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियानों एवं कांदुलनार - कोरसकोड़ो - हच्चेकोटी - आदनार एक्सिस तक सड़क निर्माण कार्य में सुरक्षा प्रदान करने एवं विकास कार्यो में सहयोग पहुंचाने के उद्देश्य से दिनांक 23-02-2026 को नारायणपुर पुलिस ने घोर नक्सल प्रभावित माड़ क्षेत्र माओवादियों के आश्रय स्थल ग्राम आदनार में नवीन कैम्प स्थापित किया गया है। ग्राम आदनार में नवीन कैम्प स्थापित होने से क्षेत्र के ग्रामीणों में काफी उत्साह एवं सुरक्षा का माहौल बना हुआ है। नवीन कैम्प आदनार थाना सोनपुर क्षेत्रान्तर्गत स्थित है तथा जिला मुख्यालय नारायणपुर से 76 किलोमीटर थाना सोनपुर से 46 किलोमीटर, कांदुलनार से 17 किलोमीटर, कुरसकोड़ो से 11 किलोमीटर और कैम्प हच्चेकोटी से 06 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। आदनार में नवीन कैम्प स्थापित होने से आसपास के क्षेत्र कुमुदगुण्डा, वरकोर, देवरकोर, एलूर, ताडोगुण्डा, आमाकाल और आदनार में सड़क, पुल-पुलिया, शिक्षा, चिकित्सा, मोबाईल नेटवर्क कनेक्टिविटी एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार होगा। अब क्षेत्र में सुरक्षा के निगरानी में सड़क निर्माण सहित अन्य सुविधाओं को आम जनता तक पहुंचाये जाने में सहयोग प्रदान किया जायेगा।दशकों से अलग थलग और अछूते अबूझमाड़ के इस क्षेत्र को मिलेगा मुख्य धारा का संपर्क। आदनार से सोनपुर के मार्ग कोयलीबेड़ा (जिला कांकेर) से सीधे सड़क कनेक्टिविटी होगी जिससे आम नागरिकों को सड़क सुविधा के माध्यम से अलग-अलग सुविधाओं के साथ आवागमन की सुलभता प्राप्त होगी।नारायणपुर पुलिस ने वर्ष 2025 में नक्सलियों के अघोषित राजधानी कुतुल सहित कोडलियार, बेड़माकोटी, पदमकोट, कंडुलपार, नेलांगुर, पांगूड़, रायनार, एडजूम, ईदवाया, आदेर, कुड़मेल, कोंगे, सितरम, तोके, जाटलूर, धोबे, डोडीमरका, पदमेटा, लंका, परियादी, काकुर, बालेबेड़ा, कोडेनार, कोडनार, आदिनपार और मन्दोड़ा में नवीन सुरक्षा एवं जन सुविधा कैंप स्थापित किया गया है।

## सामाजिक सहायता पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का विशेष शिविर आयोजन



**नारायणपुर,**/जिले में संचालित सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों को पेंशन राशि का शत-प्रतिशत भुगतान प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (क्ठ्ज्) के माध्यम से सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत पेंशन हितग्राहियों का आधार एवं बैंक खाता विवरण एकत्रित किया जा रहा है तथा जिन हितग्राहियों के आधार कार्ड एवं बैंक खाते नहीं बने हैं, उनके आधार एवं खाता निर्माण की प्रक्रिया भी की जा रही है। इस कार्य के लिए सुशासन एक्सप्रेस वाहन, विशेष शिविर का आयोजन जिले में 17 फरवरी से 27 मार्च 2026 तक विभिन्न तिथियों में किया जा रहा है। यह शिविर ग्राम पंचायत कुतुल, ढोढरबेड़ा, धुरबेड़ा, गुदाड़ी, जाटलूर, कच्चापाल, कलमानार, लंका एवं पदमकोट में आयोजित किए जा रहे हैं। प्रशासन द्वारा विशेष रूप से दूरस्थ क्षेत्रों में निवासरत, चलने-फिरने में असमर्थ एवं बिस्तर पर रह रहे पेंशनधारियों के घर-घर पहुंचकर आधार एवं बैंक खाता एकत्रण तथा निर्माण का कार्य भी किया जा रहा है, ताकि कोई भी पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित न रहे।

## सुशासन आपके द्वार अभियान

**नारायणपुर** अबूझमाड़ दशकों से नक्सल समस्या एवं चुनौतीपूर्ण भौगोलिक स्थिति के कारण शासन की पहुँच से दूर इन सुदूर वनांचलों की दहलीज तक अब जिला स्तर के राजपत्रित अधिकारी पहुँच रहे हैं। कलेक्टर नम्रता जैन द्वारा नियद नेल्लानार योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु शुरू किया%सुशासन आपके द्वार% अभियान इस नई व्यवस्था के तहत, जिला स्तरीय नोडल अधिकारी अब प्रत्येक सप्ताह अनिवार्य रूप से अपनी आवंटित ग्राम पंचायतों का सघन दौरा कर रहे हैं।अबूझमाड़ क्षेत्र दशकों से न केवल नक्सली गतिविधियों का केंद्र रहा, बल्कि इसकी अत्यंत कठिन भौगोलिक बनावट—घने जंगल, दुर्गम पहाड़ और बरसाती नाले— विकास कार्यों के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा बनी रही। प्रशासनिक पहुँच न होने के कारण यहाँ की आबादी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष करती रही। नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत स्थापित 35 सुरक्षा कैंपों ने अब सुरक्षा का वह कवच प्रदान किया है,

## धान संग्रहण केंद्र में 8 महिला मजदूरों के साथ अन्याय



**बकावंड अग्रदूत।** विकासखंड बकावंड ब्लॉक के छोटे देवड़ा स्थित धान संग्रहण केंद्र में कार्यरत 8 महिला मजदूरों के साथ गंभीर अन्याय का मामला सामने आया है। महिलाओं का आरोप है कि टेंडर ठेकेदार ने बाहरी मजदूरों को लाकर उन्हें अचानक काम से निकाल दिया, जबकि वे पिछले तीन महीनों से लगातार बोरा सिलाई, धान की ढुलाई और संग्रहण व्यवस्था का कार्य कर रही थीं।

पीड़ित महिला मजदूर हेमलता, गीत, लछमनी, ज्योति, जमवती, सुना, सपना और लूसबती का कहना है कि वे लगभग 80,000 रुपये मासिक अनुबंध के तहत पूरी मेहनत और ईमानदारी से काम कर रही थीं। तीन माह तक लगातार कार्य करने के बावजूद उन्हें अब तक एक भी रुपये का भुगतान नहीं किया गया है।

महिलाओं के अनुसार, वे कई बार धान संग्रहण केंद्र और टेंडर ठेकेदार के पास भुगतान के लिए चक्कर काट चुकी हैं, लेकिन हर बार केवल आश्वासन देकर लौटा दिया जाता है। अचानक काम से निकाले जाने और मजदूरी अटकने से उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।ग्रामीणों में भी इस घटना को लेकर आक्रोश है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी ठेकेदार पर कार्रवाई की जाए, महिलाओं को पुन: कार्य पर रखा जाए तथा उनकी लंबित मजदूरी का तत्काल भुगतान सुनिश्चित किया जाए।महिला मजदूरों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र भुगतान नहीं किया गया तो वे कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर औपचारिक शिकायत दर्ज कराएंगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि मेहनतकश महिलाओं के साथ इस प्रकार का व्यवहार न केवल अन्यायपूर्ण है, बल्कि श्रम कानूनों का उल्लंघन भी है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले में कितनी तत्परता दिखाता है और पीड़ित महिलाओं को उनका हक कब तक दिला पाता है।

## मंगीतोंग पाकेला में सोढ़ी परिवार का जिला स्तरीय वार्षिक सम्मेलन



**सुकमा( अग्रदूत )—** विकासखंड छिंदगढ़ के मंगीतोंग पाकेला में उयका सोढ़ी परिवार का जिला स्तरीय वार्षिक सम्मेलन उत्साह और सामाजिक एकजुटता के वातावरण में आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में सुकमा जिले के अलावा बीजापुर, दंतेवाड़ा और उड़ीसा से भी बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। कार्यक्रम में समाज को संगठित करने, नशाखोरी पर रोक लगाने, शिक्षा को बढ़ावा देने और आदिवासी परंपराओं के संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

वक्ताओं ने कहा कि समाज की प्रगति शिक्षा, अनुशासन और आपसी एकता में निहित है। युवाओं को नशे से दूर रहकर अपने भविष्य को मजबूत बनाने और समाज का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी गई।इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य अधिवक्ता दीपिका सोढ़ी ने संबोधित करते हुए कहा कि यह सम्मेलन केवल एक औपचारिक मिलन नहीं, बल्कि हमारे पूर्वजों की विरासत, आदिवासी अस्मिता और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने बच्चों की शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सोढ़ी परिवार का हर बच्चा उच्च शिक्षा प्राप्त करे और बड़े पदों तक पहुंचे, यही समाज का सपना होना चाहिए।उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी बच्चे के माता या पिता का निधन हो गया हो और वह घर से पढ़ाई कर रहा हो, तो इसकी जानकारी उन्हें दी जाए। शासन की योजना के अंतर्गत ऐसे बच्चों को 4000 रुपये प्रतिमाह की सहायता दिलाने का प्रयास किया जाएगा, ताकि उनकी पढ़ाई बाधित न हो।महिलाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जब महिलाएं सशक्त होती हैं, तभी समाज सशक्त बनता है। शिक्षा, जमीन विवाद, घरेलू हिंसा या किसी भी सामाजिक समस्या की स्थिति में तुरंत संपर्क करने का आग्रह करते हुए उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे हर कदम पर समाज के साथ खड़ी हैं। समाज की ओर से प्रस्तुत मांगपत्रों पर यथासंभव कार्रवाई कराने का आश्वासन भी दिया गया।सम्मेलन में सोढ़ी समाज की पहचान जनजाति वर्ग की गोंड जनजाति के रूप में उल्लेखित करते हुए उसकी समृद्ध आदिवासी परंपराओं, संस्कृति और सामाजिक मूल्यों को संरक्षित रखने का संकल्प दोहराया गया



## बीजागुड़ा पारा में शिक्षा व्यवस्था ठप

**बकावंड अग्रदूत।**बकावंड विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कारपावंड के आश्रित ग्राम बीजागुड़ा पारा में प्राथमिक शाला भवन नहीं होने से ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है। गांव के नन्हे-मुन्ने बच्चों को रोजाना लगभग 3 किलोमीटर दूर कारपावंड तक पैदल जाकर पढ़ाई करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। भीषण धूप, बारिश और जर्जर रास्तों के बीच छोटे-छोटे बच्चे जान जोखिम में डालकर स्कूल पहुंच रहे हैं।

ग्रामीणों का साफ कहना है कि यदि रास्ते में किसी प्रकार की दुर्घटना होती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की होगी। बच्चों की सुरक्षा और भविष्य से हो रहा यह खिलवाड़ अब बर्दाश्त से बाहर हो चुका है।

एक साल से अधूरा पड़ा अतिरिक्त कक्ष, पानी तक की क्यूरिंग नहीं

ग्रामीणों के अनुसार बीजागुड़ा पारा में अतिरिक्त कक्षा निर्माण कार्य लगभग एक वर्ष पूर्व शुरू किया गया था, लेकिन निर्माण बीच में ही रोक दिया गया। आज तक भवन अधूरा पड़ा है। स्थिति यह है कि निर्माणाधीन ढांचे में पानी तक की क्यूरिंग नहीं की जा रही है, जिससे भवन की गुणवत्ता पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

एक वर्ष बीत जाने के बावजूद न तो निर्माण कार्य पूर्ण हुआ और न ही किसी जिम्मेदार अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करना जरूरी समझा। अधूरा भवन अब प्रशासनिक उदासीनता की कहानी बयां कर रहा है।

अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों पर गंभीर आरोप

ग्रामीणों ने जनपद पंचायत के अधिकारियों, खंड शिक्षा अधिकारी तथा ग्राम पंचायत के सरपंच-सचिव पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषय पर इस प्रकार की अनदेखी समझ से परे है। शासन द्वारा शिक्षा के अधिकार और बुनियादी सुविधाओं पर जोर देने के दावे यहां खोखले साबित हो रहे हैं।

तत्काल निर्माण पूर्ण कराने और जांच की मांग

गांव के अभिभावकों ने मांग की है कि अधूरे अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य तत्काल पूर्ण कराया जाए और बीजागुड़ा पारा में नियमित शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही निर्माण कार्य में हुई देरी और लापरवाही की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

## निर्माणाधीन स्टाफ डैम व पुलिया घोटाले की आहट



**बकावंड अग्रदूत ।**विकासखंड बकावंड ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोलवाल के आश्रित ग्राम राताखंडी में बन रहे स्टाफ डैम और पुलिया को लेकर गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों ने साफ शब्दों में कहा है कि यह निर्माण कार्य विकास के नाम पर खुला भ्रष्टाचार बन चुका है। यदि तत्काल तकनीकी जांच नहीं हुई तो यह ढांचा आने वाले समय में हादसे को न्योता दे सकता है।

ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण में निम्नस्तरीय रेती और कमजोर गुणवत्ता की सामग्री का खुलेआम उपयोग किया जा रहा है। कंक्रीट की मजबूती संदिग्ध बताई जा रही है। बरसात में डैम और पुलिया के बह जाने या क्षतिग्रस्त होने की आशंका जताई जा रही है।सबसे गंभीर आरोप यह है कि निर्माण कार्य में चेट्टिनाड पोर्टलैंड सीमेंट 53 ग्रेड और जेके लक्ष्मी सीमेंट के कथित रूप से निम्न गुणवत्ता वाले सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि मानक के अनुरूप सामग्री का उपयोग नहीं हुआ तो यह सीधे जनता की जान से खिलवाड़ है।

आरोप है कि कुछ दिन पूर्व धनपुर क्षेत्र से बिना अनुमति रेती निकाली जा रही थी। जब ग्रामीणों और सरपंच ने इसका विरोध किया तो कार्य अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया, लेकिन अब पाथरी नंदी क्षेत्र से अवैध खनन कर रेती लाने का आरोप सामने आया है।ग्रामीणों का कहना है कि पाथरी नंदी क्षेत्र से बिना वैध अनुमति ट्रैक्टर-ट्रॉली के जरिए रेती (दर्रा) का खनन और परिवहन जारी है। यह खनिज नियमों का खुला उल्लंघन है। इससे शासन को राजस्व हानि के साथ-साथ पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान हो रहा है।गांव के आसपास के छोटे नदी-नालों से लगातार रेती निकासी की शिकायतें भी सामने आई हैं। इससे जलस्तर गिरने, मिट्टी कटाव बढ़ने और प्राकृतिक संरचना को नुकसान पहुंचने का खतरा बढ़ गया है। यह मामला अब केवल निर्माण की गुणवत्ता तक सीमित नहीं, बल्कि पर्यावरणीय अपराध का रूप लेता दिख रहा है।ग्रामीणों का दावा है कि जब उन्होंने ठेकेदार से सवाल किया तो कथित रूप से जवाब मिलामेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। यह प्रशासन और कानून व्यवस्था को खुली चुनौती है। इससे लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है।दोषी पाए जाने पर ठेकेदार के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाईग्रामीणों का कहना है कि वे विकास कार्यों के विरोधी नहीं हैं, लेकिन भ्रष्टाचार, घटिया निर्माण और अवैध खनन किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा।अब निगाहें प्रशासन पर टिकी हैं। क्या इस गंभीर मामले में निष्पक्ष जांच होगी और दोषियों पर कार्रवाई होगी, या यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा, यह आने वाला समय तय करेगा।

## सामुदायिक पुलिसिंग से जनजागरूकता को मिल रही नई दिशा

**दंतेवाड़ा।** जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने और आमजन के साथ पुलिस की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से दंतेवाड़ा पुलिस अधीक्षक गौरव रॉय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन के दिशा निर्देशन में फ्रऐतियातफ्र नामक सामुदायिक पुलिसिंग अभियान की शुरुआत की गई है। इस पहल के माध्यम से बचेली पुलिस न केवल सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ कर रही है, बल्कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करने का कार्य भी कर रही है।अभियान के तहत पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें साइबर अपराध, नशामुक्ति, महिला एवं बाल सुरक्षा, यातायात नियमों और सामाजिक सौहार्द जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि पुलिस और जनता के बीच आपसी विश्वास ही सुरक्षित समाज की नींव है।

# भाजयुमो मंडल लैलूंगा के अध्यक्ष बने रोहन यादव




**लैलूंगा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) मंडल लैलूंगा के अध्यक्ष पद पर रोहन यादव की नियुक्ति से क्षेत्र के युवा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। संगठन के वरिष्ठ नेताओं द्वारा उनकी नियुक्ति की घोषणा के बाद से बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

रोहन यादव लंबे समय से पार्टी की विचारधारा के प्रति समर्पित रहे हैं और विभिन्न संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते आए हैं। उनकी कार्यशैली, नेतृत्व क्षमता और युवाओं को साथ लेकर चलने की सोच को देखते हुए पार्टी ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

पार्टी पदाधिकारियों ने विश्वास जताया है कि रोहन यादव के नेतृत्व में भाजयुमो मंडल लैलूंगा नई ऊर्जा के साथ कार्य करेगा तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। साथ ही युवाओं को पार्टी से जोड़ने और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों को गति देने का कार्य भी प्राथमिकता में रहेगा।

नव नियुक्त अध्यक्ष ने कहा कि वे संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे और वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में युवाओं को संगठित कर क्षेत्र में सकारात्मक कार्यों को आगे बढ़ाएंगे।

## यूथ हॉस्टल का गंगरेल में बोटिंग कम ट्रेकिंग कार्यक्रम हुआ



**धमतरी अग्रदूत।** यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया धमतरी ईकाई के तत्वावधान में रविवार को बोटिंग कम ट्रेकिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस साहसिक अभियान में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से लगभग 120 प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर प्रकृति के प्रति अपने प्रेम और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का परिचय दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार एवं संस्था के संरक्षक व वनमंडल अधिकारी कृष्णा जाधव ने हरी झंडी दिखाकर किया। विशेष बात यह रही कि इन अधिकारियों ने न केवल प्रतिभागियों को रवाना किया बल्कि स्वयं भी ट्रेकिंग का आनंद लेते हुए सभी का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसपी सूरज सिंह परिहार ने जीवन दर्शन पर जोर देते हुए कहा व्यक्ति को न्यूनतम संसाधनों में अपना जीवन यापन करना सीखना चाहिए। प्रकृति की आराधना करते हुए और कम से कम संसाधनों को अपनाकर ही हम स्वयं को और अपनी प्रकृति को संरक्षित कर सकते हैं। डीएफओ श्री कृष्णा जाधव ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि यदि हम प्रकृति की निस्वार्थ सेवा और आराधना करते हैंए तो प्रकृति हमें उससे कहीं अधिक वापस लौटाती हैए जितना हमने उससे लिया है।चेयरमैन हुकुम चंद जैन ने बताया कि धमतरी में आयोजित इस ट्रेक में कोरबा, भिलाई, कवर्धा, दुर्ग, राजनांदगांव, रायपुर और बलौदाबाजार के सदस्य बड़ी संख्या में जुटे। संस्था के अध्यक्ष रमेश देव ने कहा कि ऐसे आयोजनों का मुख्य उद्देश्य लोगों के भीतर नई ऊर्जा का संचार करना है। सभी सदस्य बोटिंग पॉइंट से बोट से समुद्र रूपी गंगरेल बांध को पार करते हुए टापू में पहुंचे। जहां पर लगभग 5 किलोमीटर का जंगल मे पैदल ट्रैक करते हुए नकटी देवी में समाप्त किये। इसके बाद वहां से शाम तक से गंगरेल वापस लौटे। सचिव सुबोध महावर ने बताया कि यूथ हॉस्टल्स केवल ट्रेकिंग ही नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पार्कों की सफाई, प्लास्टिक उन्मूलन और वृक्षारोपण जैसे महत्वपूर्ण कार्य भी निरंतर करती आ रही है। इस कार्यक्रम के सफल प्रबंधन में धनंजय सोनकर, योगेश गुप्ता, डॉ भूपेंद्र साहू, रमेश देव, हुकुम चंद जैन, सुबोध महावर और मनीष चंद्राकर ने प्रमुख भूमिका निभाई।इस ट्रैकिंग में छग के विभिन्न जिलों से हरदेव सिंह गिल, मनजीत कौर गिल, हरि शरणजीत कौर, इंद्रजीत कौर, निशांत अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, हेमंत कुमार सोनी, विभव सोनी, मालती जोशी, प्रदीप जोशी, प्रीति साहू, नितिन राठौड़, मनीष चंद्राकर, डॉ भूपेंद्र साहू, दीक्षा साहू, सिद्धार्थ साहू, मनोज दीवान, केसरी दीवान, उमाकांत साहू, भूपेश चौधरी, चंचल चौधरी, आंचल चौधरी, एकता सिंह, योगेश गुप्ता, राकेश महावर, वेद सोनी, डॉ एस एन चंद्राकर, पी पी चौधरी, प्रियंका मालू, युवान मालू, प्रतिभा महावर, यश महावर, नरेश मखीजा, सुनील गुरनानी, अमित अग्रवाल, प्रीति द्विवेदी, ओमप्रकाश द्विवेदी, राजेश्वरी साहू, अनु साहू, लकी वालेचा, अंकित वालेचा, प्रियंका पिंजनी, रोशनी नवानी, रवि कृष्णानी, सुबोध देवांगन, जयप्रकाश साहू, भारती साहू, त्रिलोक चंद्राकर, डॉ भूपेंद्र सोनी, वैदिक सोनी, वेद श्री सोनी, प्रियांशिता टिकरिया, श्वेता सोनी, अंकित दास, संदीप सोनी, गौतम झा, विशाल जिज्ञासी, भूपत देवांगन, रमेश पोतानी, शकुंतला साहू, पूजा साहू, यामिनी साहू, नीरज शुक्ला, आकाश चंद्राकर, आकाश तिवारी, घनश्याम सोनी, प्रभा सोनी, देव सोनी, दुर्गेश द्विवेदी, कुलेश्वर पटेल, उमाशंकर, दौलत ज्ञानचंदानी, कविता ज्ञानचंदानी, संजय कुमार साहू, सुलेखा साहू, सुरेश मखीजा, अमित दास, दीपमाला साहू, कोटेश्वर राव, जय शंकर शर्मा, काली विश्वास, वेंकटेश्वर साहू, सत्राम वासनी, प्रति वासनी, श्रेयांश वासनी, मोनिका नवानी, कमलेश कोठारी, आदित्य कोठारी, राकेश सुंदरानी, दीपक जैन, शिखा जैन, गंगा अग्रवाल, निर्मल मानिकपुरी, संतोष पिंजानी, विनोद राजपूत, लक्ष्मी देवांगन, काजल मुंजवानी, कमलेश वर्मा, ओम कुमारी देवांगन, परविंदर खालसा, विजय पंजाबी, रमेश बिन्नी, ऋषभ बिन्नी, पर्व बिन्नी, संजय चंद्राकर, मंजू चंद्राकर, नरेश चांडक, विभा चांडक, अंजली शर्मा, रीटा गुरु, सीमा पोट्टानी, प्रांजल चंद्राकर, योगेंद्र कुमार साहू, नियति महावर, पलक पंजाबी, पूजा पंजाबी, राजकुमार वर्दय्यानी, विनय पार्क, सुशील शर्मा एवं राधेश्याम अग्रवाल शामिल हुए।

## पीएमएफएमई कार्यशाला 27 फरवरी तक

**धमतरी अग्रदूत।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर जिले में खाद्य प्रसंस्करण आधारित सूक्ष्म उद्योगों को बढ़ावा देने, स्थानीय उत्पादों को ब्रांडिंग एवं विपणन से जोड़ने तथा कृषकों, महिलाओं एवं ग्रामीण उद्यमियों को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, धमतरी द्वारा जिले के सभी विकासखंडों में एक दिवसीय प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना पीएमएफएमई अंतर्गत कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है।कार्यशालाओं में योजना के तहत उपलब्ध अनुदान, ऋण, प्रशिक्षण, ब्रांडिंग, पैकेजिंग एवं विपणन संबंधी जानकारी दी जाएगी। संबंधित विभागों के क्षेत्राधिकारी एवं नोडल अधिकारियों को अधिक से अधिक हितग्राहियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इच्छुक कृषक, महिला स्व.सहायता समूह, युवा एवं ग्रामीण उद्यमी जो खाद्य प्रसंस्करण इकाई स्थापित करना चाहते हैं, वे आवश्यक दस्तावेजों सहित निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित होकर योजना की विस्तृत जानकारी एवं लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## तूफान सिंह चौरसिया बने भारतीय जनता पार्टी के सोशल मीडिया प्रभारी



**सुकमा( अग्रदूत )**-भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक विस्तार तथा डिजिटल संवाद को सशक्त बनाने की दिशा में पार्टी नेतृत्व द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। संगठन से लंबे समय से सक्रिय रूप से जुड़े तूफान सिंह चौरसिया को सोशल मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।उनकी नियुक्ति से कार्यकर्ताओं एवं युवाओं में उत्साह का वातावरण देखा जा रहा है। जनहितकारी योजनाओं एवं संगठनात्मक गतिविधियों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से व्यापक स्तर पर जनता तक पहुँचाने का कार्य और अधिक गति पकड़ेगा।नवनियुक्त सोशल मीडिया प्रभारी ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी की विचारधारा एवं जनसेवा के कार्यों को डिजिटल माध्यमों के जरिए जन-जन तक पहुँचाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

## गिरौदपुरी दर्शनार्थियों के लिए कोलिहा वासियों ने किया विशाल प्रसादी एवं भंडारा का आयोजन



**बलौदाबाजार/ अग्रदूत** ,, मनखे मनखे एक समान,, का संदेश देने वाले सतनाम धर्म के संस्थापक परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा की जन्म एवं कर्म स्थली गिरोधपुरी में प्रत्येक वर्ष फागुन मास के शुक्ल पक्ष के पंचमी तिथि से लेकर सप्तमी तिथि तक के तीन दिवसीय विशाल मेला कार्यक्रम के दौरान पद यात्रियों सहित समस्त श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह प्रसादी एवं भोजन भंडारा का आयोजन किया जाता है साथ-साथ सभी दर्शनारियों के लिए छाया पानी की भी उचीत व्यवस्था की जाती है इसी कड़ी में ग्राम कोलिहा सड़क पार के युवा टीम द्वारा प्रत्येक वर्ष अनुसार इस वर्ष भी गिरौदपुरी मेला जाने वाले सभी दर्शनार्थियों के लिए 23 फरवरी छठ के दिवस विशाल प्रसादी वितरण का कार्यक्रम रखा गया जिसमें सभी श्रद्धालुओं को रोक कर प्रसादी एवं पेयजल का समुचित व्यवस्था किया गया चर्चा के दौरान बाबा गुरु घासीदास के अनुयाई सुधु राम मनहरे महादेव कोसले द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि

गिरौदपुरी धाम छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में स्थित एक प्रमुख तीर्थ स्थल है, जो सतनामी पंथ के संस्थापक गुरु घासीदास की जन्मस्थली है। यह धाम अपनी ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व के लिए जाना जाता है।गिरौदपुरी धाम में हर साल एक भव्य मेला आयोजित किया जाता है, जिसमें देश भर से श्रद्धालु आते हैं। इस मेले का आयोजन 22फ़रवरी से 24 फ़रवरी 2026 तक किया जा रहा है फागुन मास के सप्तमी तिथि को झंडा और पालो चढ़ावा के बाद मेला संपन्न होगा

सतनाम मेला के सभी पद यात्रियों के लिए विशाल भंडारा कार्यक्रम में परमेश्वर मन हरे सुरेंद्र कोसले सचिन मनहरे योगेश कोसले राम प्रकाश मनहरे गजाधर मनहरे संत कुमार विजय अजय ज्ञान दास मनी समीर महादेव कोसले संतोष योगेश देव प्रकाश सायतोड़े बलवान दास राम विशाल सोनू पप्पू सकट मोहन साहिल ईश्वर ओमकार सहित सभी का विशेष सहयोग रहा।

## देवपुर में नेचर कैंपिंग का शुभारंभ,इको पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा



**बलौदाबाजार/अग्रदूत** वनमण्डल बलौदाबाजार अंतर्गत वन परिक्षेत्र देवपुर स्थित इको पर्यटन नेचर कैंप मड हाउस का सोमवार को औपचारिक लोकार्पण किया गया। यह नेचर कैंप प्राकृतिक परिवेश के अनुरूप विकसित किया गया है जिसमें स्थानीय संसाधनों एवं पारंपरिक निर्माण शैली का समावेश किया गया है।मड हाउस की स्थापना का उद्देश्य प्रकृति के निकट पर्यटन अनुभव प्रदान करना, पर्यावरण अनुकूल पर्यटन को बढ़ावा देना तथा स्थानीय समुदाय को आय के स्थायी अवसर उपलब्ध कराना है। इस पहल के माध्यम से देवपुर क्षेत्र में ईको-पर्यटन गतिविधियों को सशक्त करने, ग्रामीणों की सहभागिता बढ़ाने एवं रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।इस पहल से स्थानीय समुदाय की सहभागिता को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ इको-पर्यटन गतिविधियों को भी नई दिशा मिलेगी।इसी क्रम में बारनवापारा अभ्यारण्य के पर्यटन ग्राम में नव निर्मित रिसेप्शन भवन का भी शुभारंभ प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी एवं जैव विविधता) एवं मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक श्री अरुण कुमार पांडे की उपस्थिति में किया गया। यह नया रिसेप्शन परिसर बारनवापारा की विशिष्ट पहचान, समृद्ध जैव विविधता एवं प्राकृतिक विरासत को प्रदर्शित करने की दृष्टि से विकसित किया गया है।




## कृषि विभाग में कामकाज ठप्प

### फंड वापस जाने की हो सकती है नौबत

**कोंडागांव**-- जिले में कृषि विभाग का कामकाज ठीक-ठाक नहीं चल रहा है बता दें की पूर्व में उपसंचालक एवं डब्लूडीटी के अधिकारियों के खिलाफ लगातार शिकायतों के मददेनजर उनका तबादला हुआ तत्पश्चात यहां उपसंचालक एवं डब्लूडीटी वाटरशेड में नए अधिकारियों की पदस्थापना हुई तब यह उम्मीद की जा रही थी कि अब स्थिति में सुधार हो सकती है किंतु अब स्थिति और भी बदत्तर दिखाई दे रही है। उपसंचालक के अनुभवहीनता का लाभ निचले स्तर के अधिकारी उठा रहे हैं ज्यादातर अधिकारी फील्ड के बहाने सैर सपाटे पर निकल जाते हैं जो शाम तक भी वापस नहीं लौटते।

पूर्व में यहां पदस्थ वाटर सेट के पीआईए डिशेन कश्यप को बेवजह हटा दिया गया। वही वाटर शैड का मोर्चा संभाले गजेंद्र साहू को भी हटा दिया गया। गजेंद्र साहू के हटते ही वाटर सेट के तहत कराए जाने वाले कार्यों की स्थिति दयनीय हो चुकी है अब स्थिति है कि कार्य नहीं हो पाने की स्थिति में मार्च के बाद फंड वापसी की नौबत हो सकती है। बताया जा रहा है कि गजेंद्र साहू और डिशेन कश्यप का कामकाज काफी अच्छा चल रहा था। डिसेन कश्यप वाटरशेड के निर्माण कार्यों का बारीकी से देखरेख कर रहे थे किंतु उन्हें बिना वजह बिना नोटिस दिए अचानक हटा दिया गया इसके पश्चात स्थिति फिर से खराब हो गई अब यहां वाटर सेड के निर्माण कार्यों की स्थिति यह है कि यह कभी भी बंद होने की कगार पर है। संविदा में पदस्थ कर्मचारी अधिकारी मनमानी पर उतर आए हैं तथा जैम पोर्टल से सामग्री खरीदी के नाम पर मनमानी करने की शिकायतें लगातार मिल रही हैजिले के कृषि विभाग के मुख्यालय में कुछ लोगों ने सूचना का अधिकार लगाया है किंतु नए उपसंचालक के पदस्थ होने के पश्चात सूचना के अधिकार का जवाब लोगों को नहीं मिल पा रहा है जिससे लोग अपीलीय अधिकारी जगदलपुर पहुंच रहे हैं। आरटीआई कार्यकर्ता कनेश्वर पांडे ने बताया कि छोटी-मोटी जानकारी जो बिना सूचना के अधिकार भी दी जा सकती है किंतु यहां अधिकारी जानकारी देने से कतराते हैं इसलिए सूचना का अधिकार लगाया जा रहा है किंतु उसका भी कहीं जवाब नहीं मिलता जिसके चलते लोगों को संभागीय मुख्यालय में अपीलीय अधिकारी के पास पहुंचना पड़ रहा है। कई बार गलत एवं भ्रामक जानकारी दी जाती है तो कई बार कोंडागांव एवं जगदलपुर के अधिकारी आपस में सांठगांठ कर जानकारी निरंक बताकर आरटीआई कार्यकर्ताओं को परेशान कर रहे हैं।

## बालोद शासकीय महाविद्यालय में आदेश की हो रही अवहेलना

**बालोद** शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद में पदस्थ सहायक प्राध्यापक (गणित) चंद्रउदय दास मानिकपुरी का स्थानांतरण महाविद्यालय शासकीय सुखीराम नागे महाविद्यालय नगरी में हो चुका है किंतु इस आदेश का पालन नहीं हो रहा है। वही प्रभारी प्राचार्य के द्वारा आदेश नहीं मिलने का हवाला दे रहे हैं इस बात की शिकायत कई बार हो गई मगर शिकायत को भी दरकिनार किया जा रहा है। वहां के कर्मचारियों का दबी जुबान से कहना है कि प्रभारी प्राचार्य एवं सहायक अध्यापक की मिली भगत के कारण ऐसा हो पा रहा है इस संबंध में सहायक प्राध्यापक द्वारा उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा अपने स्थानांतरण के विरुद्ध स्थान आदेश प्रस्तुत किया गया था लेकिन उक्त स्थगन आदेश की निर्धारित समयावधि भी समाप्त हो चुकी है। वहीं इस संबंध में भी महाविद्यालय के जिम्मेदार के द्वारा उच्च शिक्षा विभाग को अवगत नहीं कराया गया है।इस प्रकार के आदेश की निरंतर एवं जानबूझकर शासन के आदेशों की अवहेलना एवं मनमानी महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एवं महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक द्वारा की जा रही है।

## धमकी, अवैध वसूली और आरटीआई के दुरुपयोग का आरोप कार्रवाई की मांग

### एएसपी को सौंपा ज्ञापन




**जांजगीर-चांपा अग्रदूत** । जिले सहित सक्ती जिले के ग्राम पंचायत के सरपंचों व सचिवों से अवैध वसूली, धमकी एवं सूचना का अधिकार अधिनियम के दुरूपयोग के संबंध में सोमवार को सरपंच व सचिव संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य लामबंद होकर बड़ी संख्या में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँचे और संबंधितों के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर एक लिखित ज्ञापन सौंपकर विधिसम्मत कार्यवाही की मांग की।

जांजगीर-चांपा जिले के पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय को सौंपे ज्ञापन में सचिव संघ के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह गहलोत ने बताया कि जांजगीर-चाँपा व एवं सक्ती जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिव मानसिक तौर पर परेशान हैं। विगत कई वर्ष से हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी जांजगीर निवासी निलेश कुमार साहू सहित तिलक नगर बिलासपुर निवासी नवल सिंह ठाकुर, सरिया निवासी आकाश बैरागी, नवागढ़ निवासी इस्माईल खान, किरारी-अड़भार निवासी तरुण भारद्वाज, खरसिया निवासी एवन बंजारा एवं ग्राम खैरा (जांजगीर) निवासी संजय राठौर स्वयं को पत्रकार बताकर अपने कथित पत्रकारिता का दुरूपयोग करते हुए ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिव पर अवैध धनराशि देने के लिए निरंतर दबाव बनाते हैं। निलेश कुमार साहू द्वारा प्रत्येक छह माह में समाचार पत्र में विज्ञापन प्रकाशित करने के नाम पर बड़ी धनराशि की मांग की जाती है। धनराशि नहीं देने की स्थिति में सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत कर पंचायतों की शिकायत करने, अपराधिक प्रकरण दर्ज करवाने तथा जेल भिजवाने जैसी धमकियां दी जाती है। निलेश कुमार साहू द्वारा भय एवं मानसिक दबाव उत्पन्न कर अवैध वसूली की जा रही है। सचिव संघ के अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि निलेश कुमार साहू द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत को एक समान प्रकृति के 30-40 आवेदन सूचना का अधिकार प्रेषित किए जाते हैं, जिनमें 5-10 वर्षों के विस्तृत अभिलेखों की मांग की जाती है। इस प्रकार की अत्यधिक एवं पुनरावृत्तिपूर्ण मांग से शासकीय कार्य बाधित हो रहा है तथा पंचायत पदाधिकारियों पर अनावश्यक मानसिक दबाव पड़ रहा है। सूचना का अधिकार अधिनियम जनहित में पारदर्शिता के लिए बनाया गया है। किन्तु, इसका दुरूपयोग कर भयादोहन करना विधि विरुद्ध है। सरपंच एवं सचिवों ने पुलिस अधीक्षक से अवैध वसूली, धमकी एवं शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध उचित कार्यवाही की मांग की है।पुलिस अधीक्षक जांजगीर-चांपा को सौंपे हुए ज्ञापन में सरपंच एवं सचिवों ने कहा है कि निलेश कुमार साहू, जो कि स्वयं को छत्तीसगढ़ साथी नामक समाचार पत्र का चीफ एडिटर बताता है, उसके द्वारा अपने कथित पत्रकारिता पद का दुरुपयोग करते हुए ग्राम पंचायत के सरपंचों एवं सचिवों पर अवैध धनराशि देने के लिए निरंतर दबाव बनाया जा रहा है। उक्त व्यक्ति द्वारा प्रत्येक 6 माह में समाचार पत्र में विज्ञापन प्रकाशित करने के नाम पर बड़ी धनराशि की मांग की जाती है तथा धनराशि न देने की स्थिति में सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत कर पंचायत की शिकायत करने, अपराधिक प्रकरण दर्ज करवाने तथा जेल भिजवाने जैसी धमकियां दी जाती है। ज्ञापन में यह भी उल्लेखित है कि संबंधित समाचार पत्र का जिले में कोई मुद्रण कार्यालय नहीं है और ना ही कोई समाचार की प्रति किसी शासकीय कार्यालय अथवा आम नागरिक को दी जाती है। प्रथम दृष्टिया यह प्रतीत होता है कि उक्त समाचार पत्र का उपयोग केवल अवैध वसूली के साधन के रूप में किया जा रहा है। साथ ही, निलेश कुमार साहू की पत्रकारिता संबंधी वैध मान्यता व पंजीयन के संबंध में कोई भी प्रमाण उपलब्ध नहीं है।

## भाजपा किसान मोर्चा दंतेवाड़ा के नेतृत्व में राहुल गांधी का किया पुतला दहन

**दंतेवाड़ा** = सोमवार को भाजपा किसान मोर्चा दंतेवाड़ा ने राहुल गांधी का पुतला दहन किया विगत दिनों भारत मंडपम् में आयोजित ए आई सम्मिट में युवा कांग्रेस द्वारा किया गया अर्धनग्न प्रदर्शन देश की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला घृणित कृत्य एवं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आयोजित विशाल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ( द्व) का भव्य आयोजन रखा गया था ।

## जिला जनगणना अधिकारियों, कर्मचारियों को दिया गया प्रथम चरण का प्रशिक्षण

**दंतेवाड़ा।** जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य छत्तीसगढ़ राज्य में दिनांक 01 मई से 30 मई 2026 की अवधि में संपादित किया जाना है जिसके लिए राज्य शासन द्वारा जनगणना से संबंधित नोडल अधिकारियों, कर्मचारियों को दिनांक 23 फरवरी 2026 से 24 फरवरी 2026 तक 02 दिवसीय प्रशिक्षण एवं दिनांक 15 मार्च 2026 को 01 दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम (समय प्रातः 10:30 से सायं 05 बजे) दिए जाने के निर्देश दिए गए। इस क्रम में आज मास्टर ट्रेनर्स द्वारा डंकनी सभाकक्ष में डिजिटल उपकरणों का परिचय,सीएमएमएस मॉड्यूल पर संक्षिप्त विवरण, मकान सूचीकरण ब्लॉक पर्यवेक्षी सर्कल की भू-नक्शा मकान सूचीकरण ब्लॉक पर्यवेक्षी सर्कल आवंटन, एचएलओ मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग करके डेटा संग्रह, स्व-गणना प्रक्रिया राज्य, जिला, चार्ज अधिकारियों द्वारा डेटा गुणवत्ता की निगरानी ग्रामीण, नगरीय, चार्ज रजिस्टरों का इलेक्ट्रॉनिक निर्माण संक्षिप्त मकान सूची, मकानों की सूची का इलेक्ट्रॉनिक निर्माण प्रिंटिंग एवं लॉजिस्टिक्स प्रबंधन जिला जनगणना हस्तपुस्तिका, मोबाइल एप्लिकेशन और इसकी राज्य, जिला, चार्ज अधिकारियों डेटा, चार्ज रजिस्टरों का इलेक्ट्रॉनिक निर्माण मकान सूची मकानों की सूची का इलेक्ट्रॉनिक निर्माण लॉजिस्टिक्स प्रबंधन जिला जनगणना हस्तपुस्तिका मोबाइल एप्लिकेशन और इसकी प्रक्रिया स्व-गणना डेटा को प्रगणक द्वारा फील्ड में सत्यापन के संबंध में नोडल अधिकारियों को विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर उपस्थित कलेक्टर श्री देवेष कुमार ध्रुव ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि चूंकि इस बार जनगणना की पूरी प्रक्रिया डिजिटल माध्यम में संपादित की जावेगी।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, ( वि./यां. ) मंडल बिलासपुर ( छ.ग. )
ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना Portal:http://eproc.cgstate.gov.in
नि.आ.सू. दिनांक 20.02.2026 तथा Online Bid Submission की अंतिम तिथि 06.03.2026
Physical Submission Last Date 13.03.2026
ऑन लाईन निविदा प्रथम आमंत्रण

| क्र. | नि.आ.सू. क्रमांक | ऑनलाईन टेंडर नंबर | कार्य का नाम | लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 83 | 186084 | Providing Street Light to C.C. Road at Kotchhal to Gautam Chaowk Distt. Surguja (C.G.) (Lenght 450m) | 14.16 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखा जा सकते हैं।
अधीक्षण अभियंता
जी-252606854/1
लो.नि.वि. ( वि./यां. ) मंडल, बिलासपुर ( छ.ग )

# प्रस्तावित फ्लाईओवर से होने वाली दिक्कतों को जांचेंगे अफसर

**अधिवक्ता संघ की मांग पर केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने सीएम को लिखा पत्र**

**भिलाई-3 व चरोदा के मिडिल कट पर हादसे की जताई थी आशंका**

**सिटी रिपोर्टर**



भिलाई (अग्रदूत)। फोरलेन सड़क पर भिलाई-3 में स्वीकृत फ्लाईओवर के निर्माण से भविष्य में होने वाली दिक्कतों की जांच होगी। इसके लिए केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर निर्देशित किया है। अधिवक्ता संघ पुरानी भिलाई और प्रगतिशील रेल कल्याण एवं विकास समिति ने सिर्फ सिरसा चौक पर फ्लाईओवर बनने से भिलाई-3 और चरोदा के मिडिल कट पर दबाव बढ़ने से हादसों में अप्रत्याशित इजाफा होने का अंदेशा जताते हुए केंद्र के विभागीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा था। इस पत्र का जवाब 23 फरवरी को श्री गडकरी के नागपुर स्थित निवास कार्यालय से भिलाई-3 निवासी अधिवक्ता संघ अध्यक्ष रमेश प्रसाद सिंह को मिला है।

भिलाई-3 के सिरसा चौक पर ट्रैफिक के बढ़ते दबाव को देखते हुए लगभग 40 करोड़ रुपए की लागत से फ्लाईओवर निर्माण को मंजूरी दी गई है। अब इस फ्लाईओवर का निर्माण शुरू होने से पहले उसके प्रस्तावित प्रारुप के गुण दोष का सत्यापन किया जाएगा। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर ऐसा निर्देश दिया है। श्री गडकरी ने उन्हें प्राप्त पत्रों का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री साय से कहा है कि सिरसा चौक पर फ्लाईओवर बनाने से चार से पांच किलोमीटर दायरे में सड़क के दोनों ओर रहने वाले निवासियों की समस्या और ज्यादा बढ़ जाएगी। भविष्य में होने वाली समस्याओं से निपटने के लिए अधिवक्ता संघ पुरानी भिलाई ने भिलाई-3 के कदीर पान ठेला से चरोदा के जीआरपी चौकी तक पुरी लंबाई में फ्लाईओवर निर्माण का अनुरोध किया है।

गौरतलब रहे कि इस फ्लाईओवर के बनने पर भिलाई-3 और चरोदा शहर में लोगों की आवाजाही के लिए छोड़े गए मिडिल कट वाली जगह पर दुर्घटना में बढ़ोतरी होने की आशंका जताते हुए अधिवक्ता संघ पुरानी भिलाई के अध्यक्ष रमेश प्रसाद सिंह, प्रगतिशील रेल कल्याण एवं विकास समिति के अध्यक्ष अब्दुल सत्तार और चरोदा की पार्षद अपर्णा दासगुप्ता ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा था। पत्र में फोरलेन सड़क के दोनों ओर समान रूप में बसाहट का हवाला देते हुए भिलाई-3 और चरोदा शहर को मिलाकर एक लंबा फ्लाईओवर निर्माण किए जाने की मांग रखी गई थी। पत्र में इस बात को विशेष रूप से इंगित किया गया था कि सिरसा चौक पर फ्लाईओवर बनने से सीधे गुजरने वाली लंबी दूरी के भारी वाहनों की रफ्तार काफी तेज रहेगी। जिससे भिलाई-3 के जनता स्कूल के पास और चरोदा में रेल नगर के मिडिल कट से आवाजाही करने वाले स्थानीय वाहन चालकों के साथ दुर्घटना का खतरा बढ़ जाएगा।

**अग्रदूत में प्रकाशित खबर**



सिरसा चौक पर फ्लाईओवर से हादसे पर अंकुश लग पाने में संदेह

## पार्षद ने किया डोम शेड निर्माण का भूमिपूजन



**कार्यालय प्रतिनिधि**

भिलाई (अग्रदूत)। भिलाई - चरोदा नगर निगम के पदुमनगर वार्ड 19 में पार्षद मनीष वर्मा के अथक प्रयास से स्वीकृत हुआ 10 लाख रुपए का डोम शेड प्रस्ताव पारित किया गया है।

22 फरवरी रविवार को पार्षद मनीष वर्मा एवं दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों द्वारा भूमि पूजन संपन्न किया गया। पिछले काफी दिनों से दुर्गा पूजा समिति के द्वारा विशाल डोम शेड बनाये जाने की मांग हुई थी जिसे पार्षद मनीष वर्मा के अथक प्रयास से नगर निगम एवं राज्य शासन द्वारा 10 लख रुपए की राशि मंजूरी की गई है। जिसका वर्क आर्डर प्रक्रिया होने के पश्चात विधिवत भूमि पूजन का कार्य संपन्न किया गया है। जल्द ही इसका कार्य भी प्रारंभ होगा जिससे अब समिति दुर्गा पूजा में माता की बड़ी मूर्ति स्थापित कर सकेगी।

## विधायक रिकेश ने मासूम रुद्रांश की ओपन हार्ट सर्जरी का उठाया पूरा खर्च



**नगर प्रतिनिधि**

भिलाई (अग्रदूत)। राजनीति के व्यस्त गलियारों के बीच जब कोई जनसेवक सीमाएं लांघ कर मानवता को सर्वोपरि रखता है तो वह समाज के लिए प्रेरणा बन जाता है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने।

आपको बता दें कि भिलाई नगर विधानसभा अंतर्गत वार्ड-42 खुर्सीपार निवासी एक निर्धन परिवार के मासूम बेटे रुद्रांश के लिए वे फरिश्ता बनकर सामने आए और उसके जीवन की रक्षा के लिए दिल्ली में उसकी जटिल श्ओपन हार्ट सर्जरीश् संपन्न कराई। खुर्सीपार निवासी सविता और जयरामदास मानिकपुरी के इकलौते बेटे रुद्रांश जन्म 1 मार्च 2024 के दिल में जन्म से ही छेद था। इस गंभीर बीमारी के कारण उसके हृदय में रक्त का संचार सही ढंग से नहीं हो पा रहा था। डॉक्टरों के अनुसार रुद्रांश हार्ट में टीजीए, वीएसडी और संकुचित नसों की समस्या से जूझ रहा था, जिसका उपचार छत्तीसगढ़ में संभव नहीं था। तंगी से जूझ रहे मानिकपुरी दंपति ने कई जगह गुहार लगाई लेकिन कहीं से ठोस मदद नहीं मिली। अंततः उन्होंने वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन से संपर्क किया। हालांकि यह परिवार उनके विधानसभा क्षेत्र का निवासी नहीं था फिर भी श्री सेन ने रुद्रांश की स्थिति देखते ही उसे अपनी गोद में ले लिया और तत्काल उसके उपचार की पूरी जिम्मेदारी उठाने का संकल्प लिया।

# सारथी बनना विश्वास और सौभाग्य का प्रतीक:रेखराम

## जामुल में मनाया गया सुमंत जी महराज जयंती

**हमारे प्रतिनिधि**



जामुल (अग्रदूत)। जामुल में सुमंत जी महाराज की जयंती वार्ड 10 सुभाष नगर में सूत सारथी समाज द्वारा भव्यता से मनाया गया। दुर्ग ग्रामीण क्षेत्रीय सूत समाज के अध्यक्ष अनिल सारथी के नेतृत्व में यह आयोजन सम्पन्न हुआ। जिसमें समाज के होनहार बच्चों को अतिथियों द्वारा पुरुस्कृत किया गया। बतौर मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर, मुख्य वक्ता चंद्रप्रकाश मांडले, अति विशिष्ट अतिथि पूर्व पालिका अध्यक्ष रेखराम बंछोर, मंडल अध्यक्ष प्रशांत बंटी गुप्ता, महामंत्री ओमप्रकाश साहू रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय पार्षद श्रीमती रामप्यारी वर्मा ने की। पालिका अध्यक्ष ठाकुर ने समाज की उत्थान के लिए हर संभव सहयोग के लिए आश्वासन दिया।

पूर्व पालिका अध्यक्ष रेखराम बंछोर ने अलग अलग अंचल से आये हुए समाजिक बंधुओं का अपनी उद्बोधन में स्वागत अभिनंदन किया और कहा कि सुमंत जी महाराज का जिला स्तरीय जयंती उत्सव हमारे जामुल नगर में होना जामुल के लिए गौरव की बात है। मुख्य वक्ता चंद्रप्रकाश मांडले ने सुमंत जी महाराज की संक्षिप्त भूमिका का वर्णन करते हुए बताया कि राजा दशरथ के साम्राज्य में सुमंत जी की विशेष उपाधि थी। जब श्रीराम जी को बनवास जाना पड़ा तो राजा दशरथ ने अपने प्रिय और विश्वसनीय सुमंत जी को सारथी के रूप में बनवास भेजा। मंडल अध्यक्ष बंटी गुप्ता ने कहा कि सुमंत जी महाराज से न सिर्फ सारथी समाज बल्कि सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए जब भी विश्वास और जिम्मेदारी की बात आये तो सारथी बनकर कर्तव्य निर्वहन करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं रामप्यारी वर्मा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति के अध्यक्ष अनिल सारथी सहित पूरी टीम को बधाई व शुभकामनाएं दी।

## गज्जू साहू बने कार्यकारिणी सदस्य



**कार्यालय प्रतिनिधि**

जामुल (अग्रदूत)। कांग्रेस नेता गज्जू साहू छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ ब्लॉक जामुल के सलाहकार को जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण दुर्ग के कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए हैं। इस नियुक्ति पर ब्लॉक जामुल छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के उपाध्यक्ष ओंकार निर्मलकर के नेतृत्व में पत्रकार साथियों द्वारा पुष्प गुच्छ भेंटकर मुंह मीठा कर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर महामंत्री राजू साहू, सचिव दिनेश निर्मलकार, राजेश साहू, लोचन सेन, दानीराम साहू, गेंदू सेन, भुवन जघेल, लक्की साहू, खुशबू साहू, होमीन साहू, नग्गू यादव एवं भारी संख्या में जामुल के नागरिक उपस्थित थे। गज्जू साहू ने कहा कि पार्टी के महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व का कार्यभार का निर्वहन पूरी निष्ठा से करूंगा।

## अंतर विभागीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता पुरुष एवं महिला का आयोजन

भिलाई (अग्रदूत)। सेल.भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा अंतर विभागीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता पुरुष एवं महिला-2026 का आयोजन 14 मार्च 2026 को प्रातः 8 बजे से सायं 6 बजे तक सेल एथलेटिक्स अकादमी सेक्टर-4 मैदान में किया जाएगा।इस प्रतियोगिता का उद्देश्य संयंत्र के कर्मचारियों में खेल भावना, शारीरिक दक्षता एवं टीम भावना को प्रोत्साहित करना है। प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र के सभी नियमित एवं प्रशिक्षु कर्मचारी भाग ले सकेंगे। प्रत्येक प्रतिभागी अधिकतम दो स्पर्धाओं में हिस्सा ले सकेगा। पुरुष प्रतिभागी 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर एवं 800 मीटर लंबी कूद, जेवलिन थ्रो तथा शॉटपुट में भाग ले सकते हैं। वहीं महिला प्रतिभागी 100 मीटर, 200 मीटर एवं 400 मीटर जेवलिन थ्रो तथा शॉटपुट में भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता के सुचारू संचालन हेतु यह अनिवार्य किया गया है

## पदुम नगर में हेल्थ जिम का उद्घाटन



**कार्यालय प्रतिनिधि**

भिलाई (अग्रदूत)। पदुमनगर में क्षेत्र के युवाओं एवं नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से माय फिटनेस जिम का उद्घाटन खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरएसएस के जिला कार्यवाह सुनील पटेल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला प्रवक्ता प्रेमलाल साहू, जिला महामंत्री श्रीमती सुषमा जेठानी, विनोद देवांगन एवं पार्षद श्रीमती प्रेमलता चंद्राकर उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि राकेश पाण्डेय जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के समय में स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी पूंजी है। नियमित व्यायाम और अनुशासित जीवनशैली से ही स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है।

विशेष अतिथि प्रेमलाल साहू ने कहा कि पदुमनगर क्षेत्र में जिम का शुभारंभ नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। इससे युवाओं में खेल, स्वास्थ्य और अनुशासन की भावना मजबूत होगी। कार्यक्रम का संचालन भाजपा भिलाई-3 मंडल के उपाध्यक्ष रवि नाहर तथा आभार प्रदर्शन जिम के संचालक टिकेंद्र साहू (टीकू) ने किया।

## निर्माणाधीन खेल व नालंदा परिसर का आयुक्त ने किया निरीक्षण

**नगर प्रतिनिधि**



भिलाई (अग्रदूत)। नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने आज प्रियदर्शिनी परिसर पश्चिम का सघन दौरा कर वहां निर्माणाधीन वृहद खेल परिसर और नालंदा परिसर के कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विकास कार्यों की प्रगति देखी और अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए।

शहर के युवाओं के सर्वांगीण विकास और उनके उज्ज्वल भविष्य को प्राथमिकता देते हुए आयुक्त ने निर्माणाधीन स्विमिंग पूल, हार्स राइडिंग एरिया और सड़क निर्माण के प्रारंभिक कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित ले.आउट के अनुसार किए जाएं ताकि समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित हो सके।

प्रियदर्शिनी परिसर में बन रहे इस खेल परिसर से शहर के खिलाड़ियों को अपनी रुचि के अनुसार अभ्यास करने और अपनी प्रतिभा निखारने का बेहतर अवसर मिलेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए नालंदा परिसर में शांत वातावरण और पृथक कमरों की सुविधा प्रदान की जाएगी। इससे छात्रों को अपने कौशल के अनुरूप पढ़ाई करने में मदद मिलेगी, जिससे वे राज्य और शहर का नाम रोशन कर सकें। परिसर के भीतर पहुंच मार्ग और सड़कों के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई।

## धोबी समाज का हुआ पारिवारिक मिलन




**कार्यालय प्रतिनिधि**

जामुल (अग्रदूत)। जामुल में धोबी समाज का सामाजिक पारिवारिक वार्षिक उत्सव मिलन समारोह भव्य कलश यात्रा निकाल कर धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि ईश्वर सिंह ठाकुर नगर पालिका परिषद जामुल, अध्यक्षता तुलसीराम निर्मलकर, विशेष अतिथि श्रीमति सुनीता चेन्नेवार उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद जामुल, रेखराम बंछोर पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जामुल एवं वर्तमान पार्षद वार्ड क्रमांक 03, श्रीमती अश्वनी लेखराम साहू पार्षद वार्ड क्रमांक 07 द्वारा संत गाडगे जी महाराज एवम् इष्ट देव महादेव के चलचित्र में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। धोबी समाज के अध्यक्ष तुलसीराम निर्मलकर ने युवा वर्ग को सामाजिक, धार्मिक क्षेत्र में आगे आने का मार्गदर्शन दिए। कार्यक्रम में स्वजाति बंधुओं ने बढ़कर भाग लिया। समाज के अध्यक्ष तुलसीराम निर्मलकर ने बताया कि आयोजन का महत्वपूर्ण उद्देश्य है कि समाज में बालक बालिकाओं की उच्च शिक्षा के लिए सहयोग करना, सामाजिक, धार्मिक आर्थिक रूप से एक दूसरे का सहयोग करना, राष्ट्र के विकास में अपने दायित्व का निर्वहन करना, समाज में शांति व्यवस्था बनाए रखना।

## जामुल महाविद्यालय में खेल दिवस



जामुल (अग्रदूत)। डॉ मनराखन लाल साहू शासकीय महाविद्यालय जामुल में खेल दिवस का आयोजन बड़े उत्साह, ऊर्जा एवं खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ आरएस सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन एवं खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देकर किया गया।

खेल दिवस के अंतर्गत 100 मीटर दौड़, गोला फेंक, रस्साकसी, क्रिकेट, अन्य इंडोर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। छात्र.छात्राओं ने पूरे जोश एवं अनुशासन के साथ भाग लिया। प्रतियोगिताओं में विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाते हैं। बल्कि टीम भावना, नेतृत्व क्षमता एवं अनुशासन का भी विकास करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भाग लेने हेतु प्रेरित किया। खेल प्रभारी डॉ रमेश मेश्राम ने खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा की खेल दिवस प्रतियोगिताओं का नहीं, बल्कि ऊर्जा, अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का उत्सव है। खेल हमें यह सिखाते हैं कि जीत से अधिक महत्वपूर्ण है प्रयास और हार से अधिक महत्वपूर्ण है सीख।

## सेल वालीबॉल चैंपियनशिप हेतु भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम घोषित

भिलाई (अग्रदूत)। दुर्गापुर इस्पात संयंत्र द्वारा 24 से 27 फरवरी 2026 तक दुर्गापुर में सेल वालीबॉल प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में सेल कॉर्पोरेट कार्यालय नई दिल्ली से संबद्ध विभिन्न इस्पात संयंत्रों की टीमें भाग लेंगी। भिलाई इस्पात संयंत्र की वालीबॉल टीम भी प्रतियोगिता में सहभागिता कर रही है।

इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु भिलाई इस्पात संयंत्र की वालीबॉल टीम की औपचारिक घोषणा वॉलीबॉल क्लब के अध्यक्ष एवं महाप्रबंधक नगर सेवाएँ विभाग विष्णु पाठक, उप महाप्रबंधक क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ राजेंद्र प्रसाद तथा उप प्रबंधक क्रीड़ा सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ अभिजीत भौमिक द्वारा की गई।

इस अवसर पर अधिकारियों ने टीम का परिचय कराते हुए चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। भिलाई इस्पात संयंत्र के डीपी सिंह को टीम के कप्तान के रूप में नियुक्त किया गया है। वहीं टीम के अन्य सदस्यों में भिलाई इस्पात संयंत्र से ख्वाजा अहमद पी. मनोज, लल्लन, जी चंदन तथा राजहरा माइंस पीके पाटले, लक्ष्मी नारायण, राजकुमार, एसपी यादव एवं देवी लाल शामिल हैं।

माइंस मुख्यालय से व्यास टीम के कोच एवं मैनेजर के रूप में खिलाड़ियों को तकनीकी मार्गदर्शन एवं रणनीतिक सहयोग प्रदान करेंगे।

## महाकाल वॉरियर्स ने जीता फाइनल मुकाबला

**खेल प्रतिनिधि**



भिलाई (अग्रदूत)। पावर क्रिकेट क्लब सीएसईबी ग्राउंड भिलाई-3 द्वारा आयोजित रात्रि कालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन महाकाल वॉरियर्स चरोदा के जीत के साथ हुआ। 007 टिम भिलाई-3 ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 94 रन बनाए। इस विशाल स्कोर को पीछा करते हुए महाकाल वॉरियर्स चरोदा ने 9 ओवर 3 बाल में धुंआधार बल्लेबाजी करते हुए 98 रन स्कोर बना कर विजय श्री हासिल की। विजेता टीम को 50 हजार रुपए नगद एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। मैच की शुरुआत के 4 ओवर में ही महाकाल के 5 विकेट गिर गए थे। तब अक्षय विश्वकर्मा ने चौकों छक्कों की बारिश कर मैच को विजय लक्ष्य तक ले गए और मैन ऑफ द मैच अपने नाम किया। उप विजेता को 25 हजार रु नगद एवं प्रतीक चिन्ह प्राप्त हुआ।

अतिथि के रूप में सुरेश धीवर, सांसद प्रतिनिधि विपिन चंद्राकर, भाजपा भिलाई 3 मंडल अध्यक्ष वरुण यादव, पार्षद तुलसी ध्रुव उपस्थित थे। आयोजन समिति के अध्यक्ष अनिल साहू, पालेस्वर पटेल, पी हरि नाथ, बी श्रीनिवास, मनीष दास, लक्ष्मण राव, पुरुषोत्तम वर्मा, युवराज पटेल, लेखराज निषाद, निशांत सागर, कन्हैया सिंग आदि उपस्थित थे। अतिथियों ने पुरस्कार वितरण कर सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति पावर क्रिकेट क्लब के सभी साथियों को बधाई शुभकामनाएं दी।

# सुशासन से समृद्धि की ओर–विकसित छत्तीसगढ़ की आधारशिला का बजट



**रायपुर ( अग्रदूत )।** साय सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने आज छत्तीसगढ़ का बजट पेश किया, जिसका थीम संकल्प पर आधारित है। बजट पर प्रेस कांफ्रेंस लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, आज हमारी सरकार का तीसरा बजट प्रस्तुत हुआ है। त्ङ्क्ष्ह और GATI के बाद संकल्प थीम पर वित्तीय वर्ष 2026 का बजट पेश किया गया, जिसमें 1 लाख 72 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

सीएम साय ने कहा, संकल्प के माध्यम से हमने S – समावेशी विकास, A – अंधोसंरचना, N – निवेश, K – कुशल मानव संसाधन, A – अंत्योदय, L – लाइवलीहुड, P – पॉलिसी से परिणाम तक इन विषयों को प्रमुखता से शामिल किया गया है। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत एवं विकसित छत्तीसगढ़ की संकल्पना की जरूरतों के अनुरूप बजट को तैयार किया गया है।

सीएम साय ने कहा, हमारी सरकार मिशन मोड पर काम करने पर यकीन रखती है। इसके लिए हमने 5 मुख्यमंत्री मिशन बनाए हैं। इसमें मुख्यमंत्री अधोसंरचना मिशन, मुख्यमंत्री एआई मिशन, मुख्यमंत्री पर्यटन विकास मिशन, मुख्यमंत्री स्टार्टअप मिशन एवं मुख्यमंत्री खेल उत्कर्ष मिशन शामिल हैं। इनके माध्यम से प्रदेश के विकास को नई रफ्तार दी जाएगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने वित्त वर्ष 2026–27 के लिए प्रस्तुत किए जा रहे राज्य के बजट को प्रदेश के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि नवीन विधानसभा भवन में प्रस्तुत होने जा रहा हमारी सरकार का यह तीसरा बजट विकसित और समृद्ध छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए सरकार के विज़न को नई मजबूती प्रदान करेगा।

## सीएम साय ने कहा – 5 मुख्यमंत्री मिशन से प्रदेश के विकास को मिलेगी नई रफ्तार

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार का यह बजट समावेशी विकास, सुशासन और जनकल्याण के संकल्प को आगे बढ़ाने वाला होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह बजट प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ-साथ आमजन के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय संकल्प को केंद्र में रखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। किसानों, गरीबों, युवाओं, मातृशक्ति और आदिवासी समाज के सशक्तीकरण को सरकार ने सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। राज्य सरकार की विभिन्न योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित की जा रही हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि वित्त वर्ष 2026–27 का यह बजट प्रदेश के 'सुशासन से समृद्धि' मॉडल को मजबूत आधार प्रदान करेगा और विकास की गति को और तेज करेगा। यह बजट राज्य के बुनियादी ढांचे, रोजगार सृजन, कृषि उन्नयन, सामाजिक सुरक्षा तथा मानव संसाधन विकास को नई दिशा देगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के अपने संकल्प पर दृढ़ है और यह बजट उस दिशा में एक मील का पत्थर सिद्ध होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि इस बजट से प्रदेश आत्मनिर्भरता, आर्थिक प्रगति और समृद्धि के नए दौर में प्रवेश करेगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेशवासियों को आगामी बजट के लिए अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह बजट छत्तीसगढ़ के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत आधारशिला साबित होगा।

# होली के पूर्व पुलिस की कार्यवाही तेज



**रायपुर अग्रदूत।** होली के पूर्व सामाजिक तत्वों और बदमाशों के खिलाफ पुलिस की कार्यवाही तेज हो गई है।

*06 असामाजिक तत्व जेल निरुद्ध, 05 माह से फरार 02 आरोपी गिरफ्तार, 07 वारंटी जेल दाखिल तथा 13 चाकूबाजों सहित 03 अन्य आपराधिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा के निर्देशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संदीप मित्तल के नेतृत्व में आगामी होली पर्व के मद्देनज़र क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना तिल्दा-नेवरा, थाना धरसींवा एवं थाना विधानसभा पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

थाना तिल्दा-नेवरा क्षेत्र के मोहभट्ठा पारा नेवरा, पुरानी बस्ती तिल्दा, सासाहोली एवं ग्राम टंडवा में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा जबरन विवाद एवं मारपीट किए जाने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और संबंधित व्यक्तियों को समझाने का प्रयास किया गया, किंतु वे उग्र होकर शांति भंग करने एवं मारपीट पर उतारू हो गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कुल 06 आरोपियों को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें जेल निरुद्ध किया गया।

थाना तिल्दा-नेवरा के अपराध क्रमांक 554/2026, धारा 333, 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के प्रकरण में वर्ष 2025 में गणेश विसर्जन के दौरान आरोपियों द्वारा प्रार्थी के घर में जबरन प्रवेश कर गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी एवं मारपीट कर चोट पहुंचाने की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। घटना के पश्चात आरोपी फरार होकर गिरफ्तारी से बचते रहे। दिनांक 23.02.2026 को विश्वसनीय मुखबिर सूचना के आधार पर घेराबंदी कर दोनों आरोपी विवेक वर्मा एवं योगेश सेन को गिरफ्तार किया गया। विधिसम्मत कार्यवाही उपरांत उन्हें माननीय न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेजा गया। माननीय न्यायालय द्वारा जारी स्थायी एवं गिरफ्तारी वारंटों की तामिली हेतु विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 07 वारंटियों को उनके निवास स्थान से हिरासत में लेकर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार सभी 07 वारंटियों को जेल दाखिल किया गया। इसी प्रकार, थाना धरसींवा क्षेत्र के 13 सक्रिय चाकूबाजों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही की गई तथा उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेजा गया। साथ ही, थाना विधानसभा क्षेत्र में 03 आपराधिक तत्वों एवं संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध भी प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही कर उन्हें जेल भेजा गया। विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य होली पर्व के दौरान आमजन में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ करना, असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना तथा क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करना है।

# अब छत्तीसगढ़ 'नक्सलमुक्त राज्य' के रूप में अपनी नई पहचान बनाएगा – भाजपा



**रायपुर ( अग्रदूत )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता शिवनारायण पाण्डेय ने कहा है कि वह दिन अब दूर नहीं है, जब छत्तीसगढ़ %नक्सलमुक्त राज्य% के रूप में अपनी नई पहचान बनाएगा। हम शांति, सुरक्षा और सुशासन के मार्ग पर अडिग हैं और अंतिम लक्ष्य की प्राप्ति तक हमारा अभियान जारी रहेगा। श्री पाण्डेय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की पावन धरा को नक्सलवाद के दंश से मुक्त करने का जो संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लिया था, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार उसे धरातल पर चरितार्थ कर रही है। आज बस्तर में नक्सलवाद अपने खात्मे की ओर है और विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। श्री पाण्डेय ने विपक्ष की भूमिका पर प्रहार करते हुए पिछली कांग्रेस सरकार को आड़े हाथों लिया और कहा कि पूर्ववर्ती सरकार की 'शिथिल नीतियों' और 'छद्म बातचीत' के कारण नक्सलवाद को पनपने का मौका मिला था। लेकिन आज, विष्णुदेव साय सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति ने नक्सलियों की कमर तोड़ दी है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री पाण्डेय ने डबल इंजन सरकार की रणनीतिक उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि एक ओर पिछले दो वर्षों में सुरक्षा बलों ने अभूतपूर्व साहस का परिचय देते हुए रिकॉर्ड संख्या में नक्सलियों को ढेर किया है, उनके सुरक्षित किलों (कोर एरिया) में घुसकर कैंप स्थापित किए हैं।

# राष्ट्र कार्य हेतु स्वस्थ मन, बुद्धि, शरीर आवश्यक – रूपनारायण सिन्हा



**रायपुर ( अग्रदूत )।** लोकतंत्र सेनानी संघ व लोकतंत्र प्रहरी की संयुक्त बैठक में लोकतंत्र प्रहरी के नवनियुक्त पदाधिकारियों, संभागीय अध्यक्षों व सभी जिला अध्यक्षों को लोकतंत्र सेनानी संघ के प्रांतीय पदाधिकारियों द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान कर दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। प्रदेश से 120 से अधिक सेनानियों एवं नियुक्त प्रहरी पदाधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा ने कहा कि राष्ट्र कार्य के लिए स्वस्थ शरीर, मन एवं बुद्धिमान मस्तिष्क का होना आवश्यक है। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश की आजादी की लड़ाई हो या आपातकाल के विरुद्ध संघर्ष, इनका नेतृत्व हमेशा इन गुणों से युक्त युवा पीढ़ी ने ही किया।प्रमुख वक्ताओं के राज्य सूचना आयोग के पूर्व आयुक्त मोहन पवार ने आपातकाल को देश के संविधान एवं लोकतंत्र की हत्या का ज्वलंत प्रमाण बताते हुए कहा कि इसे काले अध्याय के रूप में पाठ्यपुस्तकों में शामिल कर विस्मृत न होने दिया जाए। पूर्व संसदीय सचिव एवं वरिष्ठ लोकतंत्र सेनानी वीरेंद्र पांडे ने प्रदेश लोकतंत्र सेनानी संघ की प्रशंसा करते हुए बताया कि अब सरकारी निमंत्रण पत्रों में उनके नाम के आगे 'लोकतंत्र सेनानी' लिखा जाता है, जो सच्चिदानंद उपासने के योगदान का परिणाम है। उन्होंने लोकतंत्र प्रहरी से निष्पक्ष भूमिका निभाने का आह्वान किया, जैसे आपातकाल के सत्याग्रहों में सड़कों पर उतरकर विरोध किया गया था।लोकतंत्र सेनानी संघ के प्रदेश प्रभारी द्वारका जायसवाल ने एकता एवं भाईचारे पर बल देते हुए कहा कि विगत 25 वर्षों से संगठन ने सेनानियों के हितों की रक्षा की, जिससे मृत्यु के बाद भी राजकीय सम्मान प्राप्त हो रहा है। संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने ने लोकतंत्र प्रहरी की स्थापना के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए 21-सूत्री कार्यक्रम घोषित किए तथा प्रदेश भर से प्रतिनिधित्व को सेनानी परिवार की इच्छा शक्ति का प्रतीक बताया।आगामी कार्यक्रमवरिष्ठ सेनानी सुभाष देशपांडे ने सदस्यता अभियान की जानकारी दी, जबकि प्रदेश अध्यक्ष विशाल राजहंस ने सभी संभागों में बैठकों का आयोजन व 21 मार्च को दिल्ली में विजय दिवस कार्यक्रम में अधिकतम भागीदारी की अपील की। आभार प्रदर्शन श्रीमती अंजना जायसवाल, महामंत्री लोकतंत्र प्रहरी ने किया। वंदे मातरम के नारों के बीच कार्यक्रम संपन्न हुआ, अंत में दिवंगत सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।बैठक में प्रमुख उपस्थित- असित भट्टाचार्य, महेंद्र जैन, मोहन पवार, द्वारका जायसवाल, हेमंत उपासने, शशांक शुक्ला, विशाल राजहंस, वीरेश सिंह, संतोष कुमार शर्मा, नरेंद्र शर्मा, अंजना जायसवाल, देवेंद्र साहू, आलोक श्रीवास्तव, सौरभ जैन, गौतम सोनकर, सुरेश तिवारी, आदित्य झा, आलोक दुबे, श्रीमती सीमा शर्मा, राजकुमार यदुवंशी, दीपक सोनी, अनिरुद्ध प्रजापति, शंकर दास, अविनाश नागे सहित 26 जिलों के जिला अध्यक्ष।

# कैट नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 बना नवाचार, अवसरों व बचत का महामंच




**रायपुर अग्रदूत।** देश के सबसे बड़े व्यापारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य श्री अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन श्री जितेंद्र दोशी, श्री विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष श्री परमानंद जैन, महामंत्री श्री सुरिंदर सिंह, कोषाध्यक्ष श्री अजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष श्री राजेंद्र जग्गी, श्री राम मंधान, श्री वासु मखीजा, श्री भरत जैन, श्री राकेश ओचवानी तथा श्री शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि राजधानी रायपुर के बीटीआई ग्राउंड, शंकर नगर में आयोजित देश के प्रतिष्ठित व्यापारिक आयोजनों में शामिल ष्ठद्बञ्ज नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 छत्तीसगढ़ के व्यापारिक परिदृश्य को नई दिशा देता हुआ अपने समापन की ओर अग्रसर है। तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ह्र), डिजिटल नवाचार और स्वदेशी सोच के प्रभावशाली संगम ने इस आयोजन को राष्ट्रीय स्तर का व्यापार एवं इनोवेशन हब बना दिया है।

एक्सपो के आज के कार्यक्रम में चरणदास महंत, नेता प्रतिपक्ष, छत्तीसगढ़ विधानसभा; आकाश तिवारी, नेता प्रतिपक्ष, नगर निगम रायपुर; प्रमोद दुबे, पूर्व महापौर, नगर निगम रायपुर एवं राजेंद्र जग्गी, प्रदेश अध्यक्ष, व्यापार प्रकोष्ठ, प्रदेश कांग्रेस कमेटी की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने एक्सपो परिसर का भ्रमण कर देशभर से आए व्यापारियों, उद्योगपतियों, स्टार्टअप्स, टेक्नोलॉजी विशेषज्ञों एवं युवा उद्यमियों से संवाद किया। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत जी ने CAIT नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 की सराहना करते हुए कहा कि यह एक्सपो छत्तीसगढ़ के व्यापारियों के लिए अनुपम, अद्भुत और अत्यंत प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन स्थानीय व्यापारियों को राष्ट्रीय पहचान दिलाने के साथ-साथ उन्हें तकनीक, नवाचार और नए व्यापारिक अवसरों से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनते हैं।

अन्य अतिथियों ने भी एक्सपो की भव्यता, सुव्यवस्थित स्टॉल्स, विविध ब्रांड्स की भागीदारी एवं तकनीक-आधारित प्रस्तुतियों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह आयोजन डैडम्, स्टार्टअप्स, महिला उद्यमिता और स्वदेशी उत्पादों को मजबूती प्रदान करते हुए छत्तीसगढ़ के व्यापारिक पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त बना रहा है।

एक्सपो में ाप् आधारित व्यापार समाधान, स्मार्ट रिटेल टेक्नोलॉजी, डिजिटल पेमेंट सिस्टम, ई-कॉमर्स टूल्स, डेटा एनालिटिक्स, ऑटोमेशन, ग्रीन टेक्नोलॉजी एवं इंडस्ट्री 4.0 से जुड़े नवाचारों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया जा रहा है। -स्टार्टअप्स, टेक-सक्षम डैडम्, फूड-टेक, एग्री-टेक, फिन-टेक, लॉजिस्टिक्स एवं औद्योगिक उत्पादों की

व्यापक भागीदारी ने इसे राष्ट्रीय स्तर का बिज़नेस एवं इनोवेशन प्लेटफॉर्म बना दिया है।

CAIT पदाधिकारियों ने बताया कि यह एक्सपो केवल एक व्यापारिक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि विकसित छत्तीसगढ़ 2047 के लक्ष्य को साकार करने हेतु डिजिटल, तकनीकी और नवाचार-आधारित आर्थिक मॉडल की मजबूत नींव है। उल्लेखनीय है कि 20 से 24 फरवरी 2026 तक चलने वाले ब्।प्ज् नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 का भव्य समापन समारोह 24 फरवरी को आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। समापन समारोह की अध्यक्षता सुनील सिंघी, चेयरमेन- राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड, भारत सरकार द्वारा की जाएगी। CAIT नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 अब तकनीक, AI नवाचार और आत्मनिर्भर भारत की सोच को साकार करता हुआ एक ऐतिहासिक, दूरगामी एवं परिवर्तनकारी राष्ट्रीय व्यापारिक महाआयोजन के रूप में अपनी सशक्त पहचान स्थापित कर चुका है, जो छत्तीसगढ़ के व्यापारिक भविष्य को नई ऊँचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# जल जीवन मिशन से मांगामार में अब हर घर जल



**रायपुर ( अग्रदूत )।** भारत जैसे भौगोलिक विविधताओं से भरे देश में विषमताएं विकास की राह में अक्सर चुनौती बनती रही हैं। पठारी और पाट क्षेत्रों से घिरे दूरस्थ गांव पेयजल की समस्या से जूझते रहे हैं। लेकिन अब केंद्र सरकार और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन से दूरस्थ व दुर्गम अंचलों में भी सभी घरों में नल से स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल पहुंच रहा है।कोरबा जिला मुख्यालय से लगभग 53 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम मांगामार की तस्वीर अब बदल चुकी है। ढाई हजार से अधिक की आबादी वाले इस गांव में जल जीवन मिशन के तहत एक करोड़ 45 लाख 34 हजार रुपए की लागत से रेट्रोफिटिंग योजना क्रियान्वित की गई है। योजना के तहत 40 किलोमीटर क्षमता की एक उच्च स्तरीय पानी टंकी स्थापित की गई है। गांव के हर एक घर में पेयजल पहुंचाने के लिए 3700 मीटर पाइपलाइन बिछाकर 522 घरों में नल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं।मांगामार की श्रीमती समारिन बाई खाण्डेल बताती है कि पहले पेयजल के लिए हैंडपंप, कुओं और अन्य स्त्रोतों पर निर्भर रहना पड़ता था। गर्मी के दिनों में भू-जल स्तर नीचे चला जाता था, जिससे पानी की किल्लत और भी बढ़ जाती थी। कई बार सुबह-सुबह पानी भरने के लिए लंबी कतारें लगती थीं। महिलाओं को घर के कामकाज के साथ पानी लाने घंटों मशक्कत करनी पड़ती थी। जल जीवन मिशन के तहत 卐हर घर जल卐 की सुविधा मिलने के बाद अब स्थिति पूरी तरह बदल गई है। प्रत्येक घर तक नल कनेक्शन पहुंच चुका है और नियमित रूप से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति हो रही है। इससे न केवल जल संकट समाप्त हुआ है, बल्कि महिलाओं की दिनचर्या में भी सकारात्मक परिवर्तन आया है।अब महिलाओं को दूर-दूर तक पानी ढोने की मजबूरी नहीं रही। बचा हुआ समय वे परिवार, बच्चों की पढ़ाई और अन्य आयवर्धक गतिविधियों में लगा रही हैं। स्वास्थ्य के स्तर पर भी सुधार देखने को मिल रहा है, क्योंकि स्वच्छ पेयजल से जलजनित बीमारियों का खतरा कम हो गया है।

जल जीवन मिशन ने मांगामार जैसे सुदूर गांवों में जीवन की बुनियादी आवश्यकता पेयजल को घर-घर तक पहुंचाकर विकास की नई इबारत लिखी है। अब बारहों महीने ग्रामीणों को घर पर ही शुद्ध पानी उपलब्ध हो रहा है। हैंडपंपों पर निर्भरता समाप्त हो चुकी है और मांगामार जल संकट से मुक्त हो गया है। जल जीवन मिशन दूरस्थ क्षेत्रों में न केवल लोगों, खासकर महिलाओं का जीवन आसान बना रही है, बल्कि ग्रामीण जीवन की गुणवत्ता में स्थायी सुधार भी ला रही है।

# महिला चेंबर पदाधिकारियों एवं महिला पत्रकारों के बीच प्री-बजट सत्र 'संवाद'



**रायपुर अग्रदूत।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी के मार्गदर्शन में महिला चेम्बर पदाधिकारियों एवं महिला पत्रकारों के बीच प्री बजट सत्र संवाद का आयोजन आज दिनांक 23 फरवरी 2026 को शाम 5 बजे चै. देवीलाल व्यापार उद्योग भवन बाम्बे मार्केट, रायपुर में हुआ। महिला चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ईला गुप्ता ने बताया कि छत्तीसगढ़ महिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स women's Chamber of Commerce) के प्रतिनिधि के रूप में, बजट 2026-27 के लिए महिला व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित ठोस माँगें रख सकते हैं –

ऋण सीमा में वृद्धि:- वर्तमान महिला उद्यमिता नीति के तहत व्यापारिक परियोजनाओं के लिए 10 लाख की सीमा को बढ़ाकर ?25 लाख और सेवा क्षेत्र के लिए ?50 लाख तक करने की माँग।महिला उद्यमियों को न्यूनतम 7-8 वर्षों के लिए, अदा किए गए ब्याज का 65-75 प्रतिशत अथवा लोन का 7-8 प्रतिशत (जो भी कम हो) विशेष ब्याज अनुदान प्रदान किया जाए।महतारी शक्ति ऋण योजना का अपग्रेड:- सूक्ष्म महिला व्यापारियों के लिए बिना गारंटी वाले ऋण की सीमा को 25,000 से बढ़ाकर 1 लाख करने की माँग, ताकि वे अपने व्यवसाय का विस्तार कर सकें। कर राहत और लागत में छूट (Tau & Cast Relief) बिजली शुल्क (Electricity Duty) माफी:- नए महिला-संचालित उद्योगों के लिए बिजली शुल्क माफी की अवधि को 10-12 वर्ष तक सुनिश्चित करना। स्त्रस्ञ्ज रिइम्बर्समेंट:- महिला व्यापारियों को 15 वर्षों तकNet SGST प्रतिपूर्ति (Reimbursement) की प्रक्रिया को और सरल और पारदर्शी बनाने की माँग।

# जिला अस्पताल पहुंचे कलेक्टर



**रायपुर अग्रदूत।** डॉ गौरव सिंह ने आज जिला चिकित्सालय पहुंचकर भर्ती मरीजों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना।

आईसीयू में भर्ती कुशालपुर निवासी नंदिता की माता श्रीमती राजनंदिनी ने कलेक्टर को बताया कि नंदिता का उपचार जारी है और उनकी तबीयत पहले से बेहतर है।

डॉ. सिंह दीर्घायु वार्ड में भर्ती मनीष, उनकी माता निर्मला बघेल तथा तुषार और उनकी माता निशा मानिकपुरी से भी मिले। उन्होंने मरीजों के स्वास्थ्य की स्थिति और अस्पताल में मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली।

अस्पताल परिसर में संचालित योगिता टी स्टॉल में अवैध सामग्री पाए जाने पर कलेक्टर ने दुकान पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। साथ ही दुकान संचालक को सख्त हिदायत दी कि दोबारा गुटखा पाउच आदि पाए जाने पर दुकान को सील कर दिया जाएगा।

# हर वर्ग का रखा गया ध्यान – ललित जैसिंघ



**रायपुर अग्रदूत।** बीजेपी जिला उपाध्यक्ष ललित जैसिंघ मैं कहा है

बजट 2026/2027 में वित्त मंत्री ओ पी चौधरी द्वारा पेश किया बजट हर वर्ग का ध्यान रखा गया आने वाले कल छत्तीसगढ़ देश के पांच राज्यों में रहेगा बहुत ही सराहनीय बजट मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवम वित्त मंत्री ओ पी चौधरी को बधाई एवम शुभकामनाएं

प्रधान संपादक- संजय सक्सेना द्वारा भारत प्रेस नेहरु नगर बिलासपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित, स्थानीय संपादक के.के. शर्मा, समाचार के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार